रविवार, 25 जनवरी 2026

मौसम

तापमान	16 – 27
आर्द्रता	35%
सूर्योदय: 06:18	सूर्यास्त: 17:19

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

समाज्ञा

आईसीसी ने बांग्लादेश को टी20 विश्व कप से बाहर कर स्कॉटलैंड को शामिल किया पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : सब कुछ नकल किया जा सकता है परन्तु ज्ञान और चरित्र असल रहते हैं।

कांग्रेस से कुछ 'मतभेद' हैं, इन्हें नेतृत्व के समक्ष उठाऊंगा: शशि थरूर (पृष्ठ 7)

भारत ने अंडर-19 विश्व कप मैच में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया (पृष्ठ 8)

अब मिशन मोड में सरकारी नौकरी: प्रधानमंत्री मोदी

61 हज़ार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत देश के भीतर और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए विभिन्न देशों के साथ व्यापार और आवागमन संबंधी समझौते कर रहा है। मोदी ने यह बात 18वें रोजगार मेले में कही जहां उन्होंने विभिन्न सरकारी नौकरियों के 61,000 नियुक्ति पत्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सौंपे। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश भर के 45 स्थानों पर रोजगार मेलों को संबोधित करते हुए कहा, ''भारत कई देशों के साथ व्यापार और आवागमन संबंधी समझौते कर रहा है। ये व्यापार समझौते देश के युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आ रहे हैं।'' मोदी ने कहा कि दुनिया में युवाओं की सबसे अधिक संख्या भारत में है और उनकी सरकार देश के भीतर और

विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक बयान में कहा गया कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को साकार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। बयान में कहा गया कि इसकी शुरुआत के बाद से देश भर में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। इसमें बताया गया कि 18वां रोजगार मेला देश भर के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया और भारत के सभी हिस्सों से चयनित नव-नियुक्त कर्मचारी सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल हुए। नव-नियुक्त कर्मी गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग आदि में सेवाएं देंगे।

सरकारी नौकरी मिशन मोड में

पीएम मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यहां मौजूद सभी युवाओं को बधाई देना चाहता हूं। दोस्तों, युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार के अवसर देना हमारी सरकार का लक्ष्य रहा है। सरकारी नौकरियों को मिशन मोड में लाने के प्रयास में, रोजगार मेला शुरू किया गया था। पिछले कुछ सालों में, रोजगार मेला एक संस्था बन गया है जिसके माध्यम से लाखों युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में अपॉइंटमेंट लेटर मिले हैं।

अमेरिकी वित्त मंत्री ने रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर लगे 25 प्रतिशत शुल्क को हटाने के संकेत दिए

न्यूयॉर्क : अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क को हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली द्वारा मॉस्को से की जाने वाली ऐसी खरीदारी बहुत अधिक घट गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है, जिसमें रूसी तेल की खरीद के लिए 25 प्रतिशत शुल्क शामिल है। इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में तनाव पैदा हो गया है। बेसेंट ने शुक्रवार को भारत पर लगाए गए प्रतिबंधों को एक ''सफलता'' बताया। उन्होंने 'पॉलिटिको' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, ''हमने रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया था। इसके बाद उनकी रिफाइनरियों द्वारा रूसी तेल की खरीद बहुत अधिक घट गई। इसलिए यह एक सफलता है। शुल्क अभी भी लागू हैं।''

हिंदू धर्म किसी विशेष पूजा पद्धति का नाम नहीं, बल्कि एक साथ रहने का तरीका है : भागवत

रांची : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को यहां आदिवासी समूहों के साथ बंद कमरे में हुई बातचीत के दौरान 'विविधता में एकता' के महत्व पर जोर दिया। उनसे बातचीत करते हुए भागवत ने कहा कि हिंदू धर्म किसी विशेष पूजा पद्धति का नाम नहीं, बल्कि एक साथ रहने का एक तरीका है। आरएसएस के एक बयान में भागवत के हवाले से कहा गया है, ''भारत की पहचान विविधता में एकता पर आधारित है। पूजा पद्धति के तरीके भले ही भिन्न हों, लेकिन सभ्यता के मूल मूल्य एक समान रहते हैं। दशकों के अनुभव और चिंतन के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि समाज को सामूहिक रूप से काम करना चाहिए, क्योंकि तमाम विविधताओं के बावजूद हम मूलतः एक हैं।'' उन्होंने कहा कि 'हिंदू' शब्द बाद में सामने आया, लेकिन इसका सार 'जल, जंगल और खेती' में निहित है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि वेद और उपनिषद दर्शन की उत्पत्ति प्रकृति के साथ इसी संबंध से हुई है, और अथर्ववेद विविधता के प्रति सम्मान के विचारों को प्रतिबिंबित करता है, जहां धरती माता सभी चीजों का पोषण करती है और सभी भाषाओं का सम्मान किया जाता है।

बंगाल एसआईआर : निर्वाचन आयोग ने तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल लोगों के नाम वेबसाइट पर अपलोड किए

कोलकाता : सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद निर्वाचन आयोग ने शनिवार देर शाम को एसआइआर संबंधी तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल लोगों के नाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए। आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अब जिला निर्वाचन अधिकारी अदालत के निर्देशानुसार सूची डाउनलोड करेंगे तथा उसे पंचायत भवनों और ब्लाक कार्यालयों में प्रदर्शित करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने 19 जनवरी को निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया था कि वह बंगाल के ग्राम पंचायत भवनों, तालुका ब्लाक कार्यालयों और वार्ड कार्यालयों में शनिवार तक तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल लोगों के नाम प्रदर्शित करे। न्यायालय ने इस बात पर गौर किया कि राज्य में 1.25 करोड़ मतदाता तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। वर्ष 2002 की मतदाता सूची से संतानों के संबंध में तार्किक विसंगतियों में माता-पिता के नाम का बेमेल होना तथा मतदाता और उनके माता-पिता के बीच आयु का अंतर 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक होना शामिल है।

जीमेल, फेसबुक समेत कई इंटरनेट फर्म के 14.9 करोड़ खातों की लॉगिन जानकारी लीक

नयी दिल्ली : जीमेल, इंस्टाग्राम, फेसबुक और नेटफ्लिक्स जैसी दिग्गज इंटरनेट कंपनियों के 14.9 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के लॉगिन क्रेडेंशियल (यूजरनेम और पासवर्ड) कथित तौर पर लीक हो गए हैं। 'एक्सप्रेसवीपीएन' द्वारा प्रकाशित और साइबर सुरक्षा शोधकर्ता जेरेमिया फाउलर की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक रूप से उजागर हुए इस डेटा में जीमेल के 4.8 करोड़, याहू के 40 लाख, फेसबुक के 1.7 करोड़, इंस्टाग्राम के 65 लाख और नेटफ्लिक्स के 34 लाख खाते शामिल हैं। इसके अलावा आउटलुक के भी 15 लाख खातों की जानकारी लीक होने की बात कही गई है। फाउलर ने रिपोर्ट में कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध यह डेटाबेस पासवर्ड से सुरक्षित या एन्क्रिप्टेड नहीं था। इसमें कुल 14.94 करोड़ विशिष्ट लॉगिन और पासवर्ड मौजूद थे, जिनका कुल आकार 96 जीबी है। नमूनों की जांच में हजारों ऐसी फाइलें मिलीं जिनमें ईमेल, यूजरनेम, पासवर्ड और संबंधित अकाउंट्स के लॉगिन यूआरएल लिंक शामिल थे।



आज का पंचांग

कोलकाता : 25 जनवरी, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ शुक्लपक्ष सप्तमी, 23:08 तक, नक्षत्र : रेवती, 06:04 तक, योग : सिद्ध, 11:37 तक, सूर्योदय: 06:18, सूर्यास्त: 17:19, चन्द्रोदय : 10:15, चन्द्रास्त: 23:27, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 15:54 से 17:16

साप्ताहिक : राशिफल 25-01-26 से 31-01-26

मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ : मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य रहेगा। सेहत को लेकर कुछ परेशानियां आ सकती हैं। ध्यान रखें। व्यापारियों के लिए समय सामान्य है। आपका बिजनेस जैसा चल रहा था वैसे ही चलेगा। नौकरीपेशा वाले जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा, प्रमोशन हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आपका प्रेमी आपसे दूरी बना सकता है। वैवाहिक संबंधों में भी तनाव की स्थिति बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति को लेकर सावधान रहना होगा।

वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो : वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। आपका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। किसी प्रकार का कोई शारीरिक कष्ट नहीं होगा, परंतु मानसिक तनाव से बचें। आर्थिक स्थिति को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। फिजूलखर्ची से दूर रहें। व्यापारियों के लिए भी यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे तो सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा वाले लोगों को ध्यान देना होगा। ऑफिस में मेहनत करनी पड़ सकती है। प्रेम संबंधों के लिए समय बढ़िया है। प्रेमी साथी के साथ खुश रहेंगे। बाहर घूमने-फिरने जा सकते हैं।

मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह : यह सप्ताह मिथुन राशि के जातकों के लिए बढ़िया रहेगा। आपका स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा, यदि आप बहुत समय से किसी बीमारी से परेशान हैं तो आराम मिल सकता है। व्यापारियों के लिए भी सप्ताह ठीक रहेगा। नए पार्टनर बन सकते हैं। नौकरी वाले जातकों पर प्रेशर रहेगा। ऑफिस में आपके काम की धाक रहेगी। धन सोच-समझ कर खर्च करें। प्रेम संबंधों के लिए समय परेशानी वाला रहेगा। आपके रिश्तों में शक के चलते कुछ तनाव दिखाई दे रहा है।



कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो : इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य रहेगा। अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। किसी प्रकार की कोई बीमारी ना हो इसके लिए आप नियमित व्यायाम और योगासन करें। आर्थिक स्थिति के लिए सप्ताह बढ़िया रहेगा। मनचाहे कार्यों पर धन खर्च होगा। धन को बढ़ाने के साधनों पर भी ध्यान दें। व्यापारी वर्ग कहीं बड़ा निवेश कर सकते हैं। नौकरी वाले जातकों के लिए समय कमजोर रहेगा। विद्यार्थियों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपको पढ़ाई-लिखाई में तरक्की मिल सकती है।

सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे : सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सावधानी से बिताने वाला है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी प्रकार से भी खानपान में लापरवाही ना बरतें। गर्म मसाले का सेवन बिल्कुल न करें। आर्थिक स्थिति को लेकर भी सावधान रहें। किसी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करने से पहले सोच-विचार लें। किसी प्रकार का लोन लेने से भी बचें। व्यापारियों के लिए समय अच्छा रहेगा। व्यापार के सिलसिले में लंबी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों की योजनाएं कामयाब हो सकती हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा।

कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो : कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। सेहत के लिहाज से थोड़ी सावधानी बरतें। कफ से संबंधित आपको कुछ दिक्कतें हो सकता हैं। रात में दूध या पानी का ज्यादा सेवन ना करें। आर्थिक स्थिति को लेकर सावधान रहें। किसी प्रकार के निवेश से पहले सोच-विचार अवश्य करें। प्रेम संबंधों की बात करें तो आपकी और आपके साथी के बीच विवाद हो सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य संबंधित कोई समस्या हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा।

तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते : तुला राशि के जातकों के लिए सप्ताह सावधानी से रहने वाला रहेगा। सेहत की बात करें तो आप स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। आपके स्वास्थ्य में गिरावट देखने को मिल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति मिली-जुली रहेगी। धनलाभ हो सकता है, परंतु आपके खर्चे परेशान कर सकते हैं। व्यापारी कुछ रिस्क लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। कामयाब भी हो सकते हैं। नौकरी वाले जातक बदलाव के बारे में सोच सकते हैं। प्रेमी जातक प्रेम संबंधों में मनमुटाव से बचें। शादीशुदा जातकों को संभलकर रहना होगा।

वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू : इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर बात करें तो वह ठीक रहेगा, परंतु मानसिक तनाव से आप परेशान हो सकते हैं। पैसे को लेकर सावधान रहें। आपने जो भी निवेश किया है, उसका लाभ को मिलेगा। प्रेम संबंधों में साथी के साथ नजदीकियां बढ़ेंगी। परंतु मन की बात कहने में संकोच करेंगे। आप अपने जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। व्यापारियों को अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। किसी खास व्यक्ति की मदद से आपको बहुत बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है।

धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे : धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। आपका स्वास्थ्य कुछ परेशानी वाला रहेगा। जीवन में सेहत को लेकर परेशानियां झेलनी पढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। धन की आवा-जाही लगी रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ हो सकता है। व्यापारियों के लिए समय अच्छा रहेगा। आपको व्यापार के संचालन में ट्रैवलिंग करनी पड़ सकती है। नौकरी वाले जातकों को कार्य क्षेत्र में प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। दोनों के बीच गलतफहमियां हो सकती हैं।

मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी : मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। आपको फेफड़ों से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। आर्थिक तौर पर यह सप्ताह बढ़िया रहेगा रुपए पैसे की कोई कमी नहीं रहेगी। व्यापारियों को व्यापार में लाभ तो बहुत अधिक मिलेगा, परंतु पार्टनर के साथ किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। नौकरी वाले जातक बदलने का प्लान बना सकते हैं। प्रेम संबंध अच्छे रहेंगे। प्रेमी साथी के साथ अधिक समय व्यतीत कर सकते हैं।



कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा : कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर इस सप्ताह संतुष्ट रहेंगे। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, पर अचानक से खर्च बढ़ सकते हैं। आप फिजूलखर्ची कर सकते हैं। व्यापारियों के लिए भी समय अच्छा रहेगा। व्यापार के सिलसिले में यात्रा कर सकते हैं, जो लाभकारी रहेगी। नौकरी पेशा वाले जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फल देने वाला रहेगा। प्रेमियों के लिए भी सप्ताह बढ़िया रहेगा। प्रिय पात्र के साथ कहीं बाहर घूमने जाने की योजना बना सकते हैं।

मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची : मीन राशि के जातकों के लिए सप्ताह बढ़िया रहेगा। आपका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। किसी प्रकार का कोई शारीरिक कष्ट नहीं रहेगा। रुपए-पैसे को लेकर आपकी स्थिति मिश्रित रहेगी। किसी प्रकार का कोई खर्चा आ सकता है, जिससे आपको ना चाहते हुए भी करना होगा। व्यापारियों के लिए भी समय बढ़िया रहेगा। नौकरी पेशा जातक ओवर कॉन्फिडेंस से बचने का प्रयास करें, अन्यथा नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर सप्ताह बढ़िया रहेगा। साथी के साथ अपने भविष्य के बारे में बातचीत कर सकते हैं।

जैसलमेर शहर में पर्यटकों को देना होगा 'यात्री कर'

जयपुर : राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर में घूमना अब थोड़ा महंगा होने वाला है, शहर की नगर परिषद ने यहां आने वाले वाहनों पर 'यात्री कर' लगाने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बताया कि नगर परिषद की इस पहल को स्वायत्त शासन विभाग से मंजूरी मिल गई है जिसके इसके तहत निजी गाड़ियों या टैक्सियों से आने वाले पर्यटकों को तय प्रवेश बिंदु पर यह कर चुकाना होगा। उन्होंने बताया कि बाड़मेर रोड और जोधपुर रोड पर टोल नाके बनाए जाएंगे, जैसे ही गाड़ियां शहर की सीमा में आएंगी उन्हें कर देना होगा। अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए दर तय कर ली गई हैं, जिसके तहत 35 सीट वाली बस के लिए 200 रुपये, 25 सीट वाली बस के लिए 150 रुपये, पांच सीट वाली कार के लिए 100 रुपये और टैक्सियों और अन्य कार के लिए 50 रुपये देय होंगे।

बलिया में ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत, एक अन्य व्यक्ति घायल

बलिया (उप्र) : उत्तर प्रदेश बलिया जिले में शनिवार को सिलेंडर लदे ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक घायल को गंभीर स्थिति में वाराणसी ले जाया गया है। पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर शनिवार अपराह्न साढ़े दस बजे सिलेंडर से लदे एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार रवि पासवान (22) की मौत हो गई जबकि मंटू चौधरी (17) गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि घायल किशोर को गंभीर स्थिति में वाराणसी ले जाया गया है और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दीपक जायसवाल बने संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

प्रयागराज : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नयी अधिसूचना जारी करते हुए कौशांबी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) दीपक कुमार जायसवाल का स्थानांतरण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संभल के पद पर कर दिया है। सीजेएम संभल के पद पर आदित्य सिंह का स्थानांतरण तीन दिन पूर्व कर दिया गया था, लेकिन नयी अधिसूचना के तहत अब उनका स्थानांतरण वापस सिविल जज (सीनियर डिवीजन), संभल के पद पर कर दिया गया है। इससे पूर्व, संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर का स्थानांतरण सिविल जज (सीनियर डिवीजन), सुल्तानपुर के तौर पर कर दिया गया।

श्रीराम के आदर्शों से रामराज्य की संकल्पना होगी साकार: मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को कहा कि भगवान राम के आदर्शों से रामराज्य की संकल्पना साकार होगी। शर्मा कोटा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के सानिध्य में आयोजित रामकथा एवं गौ महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर उन्होंने कहा, रामकथा केवल एक कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की पाठशाला है। यह हमें पुत्र के धर्म, भाई के प्रेम, पति के समर्पण और राजा के कर्तव्य से अवगत कराती है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रामराज्य की संकल्पना को साकार किया जा सकेगा। इस दौरान शास्त्री ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद थे।

विकसित भारत का इंजन बनेगा उत्तर प्रदेश: शाह

लखनऊ : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश को देश की आत्मा बताते हुए शनिवार को कहा कि 2047 में देश की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक यह राज्य विकसित भारत के इंजन के रूप में उभरेगा। शाह ने उत्तर प्रदेश दिवस समारोह में राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित सभा में गैर-भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश को दशकों तक पिछड़ा रखा और इसे 'बीमारू' राज्य के रूप में प्रचारित किया, जबकि भाजपा सरकार ने इसे सफल राज्य में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि लोग जातिवाद से ऊपर उठकर भाजपा को वंशवादी पार्टियों पर प्राथमिकता दें। शाह ने कहा, परिवारवादी (वंशवादी) पार्टियां, चाहे वह कांग्रेस हो, समाजवादी पार्टी (सपा) हो या बहुजन समाज पार्टी (बसपा) हो, उत्तर प्रदेश की भलाई और विकास नहीं कर सकतीं; केवल भाजपा ही यह कर सकती है। उन्होंने कहा, केंद्र में नरेन्द्र मोदी और राज्य में योगी आदित्यनाथ होने से उत्तर प्रदेश के विकास की हर संभावना खुल गई है। राज्य की भलाई के लिए ईमानदारी से प्रयास किए गए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, उत्तर प्रदेश को कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 'बीमारू' राज्य बना दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे 'सफल राज्य' में बदल दिया और हर गांव और घर में विकास हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को 1980 के दशक में 'बीमारू' माना जाता था, क्योंकि इन राज्यों के आर्थिक व जनसांख्यिकीय संकेतक बहुत खराब थे। शाह ने यह भी कहा कि राज्य देश की प्रगति में एक केंद्रीय स्थान रखता है और 2047 तक इसे पूरी तरह से विकसित कर दिया जाएगा। उन्होंने राज्य के स्थापना दिवस पर कहा, उत्तर प्रदेश भारत की धड़कन है, और दूसरे शब्दों में कहें तो उत्तर प्रदेश भारत की आत्मा भी है।

नयी रोजगार पहल युवाओं की क्षमताओं को नौकरी व व्यापार के अवसरों से जोड़ने का काम करेगी: आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को युवाओं के लिए एक नयी रोजगार पहल की घोषणा की और कहा कि यह युवाओं की क्षमताओं को नौकरी व व्यापार के अवसरों से जोड़ने का काम करेगी। वह राज्य के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत भी किया। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस समारोह पूरे राज्य के 75 जिलों में आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा के उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह समेत विभिन्न लोग भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भेजे गए संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि देश ने मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में एक परिवर्तित भारत देखा है और उत्तर प्रदेश ने उस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बिहार के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रियों ने कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

पटना/समस्तीपुर : बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित कर्पूरी ठाकुर को उनकी 102वीं जयंती पर शनिवार को श्रद्धांजलि दी। 'जननायक' कहे जाने वाले ठाकुर अपने समय के एक महान समाजवादी थे जिन्होंने 1970 से 1971 और 1977 से 1979 तक दो बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें 2024 में मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। खान, नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा तथा अन्य वरिष्ठ मंत्रियों ने बिहार विधानसभा परिसर में कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर

पुष्पांजलि अर्पित की। कुमार ने वरिष्ठ पार्टी नेताओं की उपस्थिति में कर्पूरी संग्रहालय और जद (यू) कार्यालय में समाजवादी नेता की तस्वीरों पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि ठाकुर ने कठिनाइयों के बावजूद अपनी सादगी और ईमानदारी के कारण राजनीति में अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने कहा, ''हम सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने, जातिवाद के जहर से समाज को बांटने की भावना को समाप्त करने और एक योद्धा की तरह ईमानदारी से काम करते हुए एक विकसित बिहार एवं एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रयासरत रहेंगे।''

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2026-27 के बजट प्रस्तावों पर किया व्यापक विचार-विमर्श

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि पिछले लगभग नौ वर्षों में राज्य ने विकास, सुरक्षा और समृद्धि की दिशा में ठोस प्रगति की है, तथा इससे प्रदेश की जनता को सरकार से बड़ी आशा है और जन-अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों पर एक बैठक में विस्तार से विचार-विमर्श किया। योगी ने निर्देश दिए कि आगामी बजट का केंद्र लोककल्याण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, श्रमिक, महिला, युवा और समाज के वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही बजट की आत्मा होनी चाहिए। एक बयान के अनुसार बैठक में मुख्यमंत्री के अधीन विभागों तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के विभागों के बजट प्रस्तावों, नयी मांगों और केंद्रीय बजट 2026-27 के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा भी हुई। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से विभागीय प्रमुख सचिवों से चालू वित्तीय वर्ष में बजट के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति और खर्च के संबंध में अद्यतन जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी एक फरवरी को केंद्र सरकार का आम बजट आने वाला है। उसमें उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रावधानों को देखें और तदनुसार अपने विभागीय बजट प्रस्ताव में आवश्यक सुधार करें।

महिलाओं को राजनीति में जगह बनाने के लिए पुरुषों की तुलना में अधिक मेहनत करनी पड़ती है: वसुंधरा राजे

जयपुर : पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शनिवार को कहा कि महिलाओं को राजनीति में जगह बनाने के लिए पुरुषों की तुलना में तीन गुना अधिक मेहनत करनी पड़ती है। एक बयान के अनुसार उन्होंने यहां एक सामाजिक कार्यक्रम में कहा कि आजादी के समय भारत में महिलाओं की साक्षरता दर नौ प्रतिशत थी, आज 65 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि देश में आम चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या 10 प्रतिशत है जबकि 1957 में सिर्फ तीन प्रतिशत ही थी। राजे ने कहा कि महिला सांसदों की संख्या पहली लोकसभा में 22 थी आज 74 है। भाजपा की वरिष्ठ नेता ने कहा कि राज्यसभा में 1952 में महिला सदस्यों की संख्या 15 थी जो आज 42 हो गई। उन्होंने कहा, लेकिन ये संख्याएं पर्याप्त नहीं है। ये पुरुषों के बराबर होने चाहिए। राजे ने कहा, महिलाओं को पुरुषों से तीन गुना अधिक मेहनत करनी पड़ती है तब जाकर उन्हें राजनीति में स्थान मिलता है। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा को सफलता की कुंजी बताया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने सिद्ध कर दिया कि शिक्षा सफलता की कुंजी है।

भागवत ने आदिवासी समूहों के साथ बातचीत के दौरान 'विविधता में एकता' के महत्व पर जोर दिया

रांची : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को यहां आदिवासी समूहों के साथ बंद कमरे में हुई बातचीत के दौरान 'विविधता में एकता' के महत्व पर जोर दिया। एक प्रतिभागी ने यह जानकारी दी। प्रतिभागी ने बताया कि भागवत ने कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समूहों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों को सुना, जिनमें धर्मांतरण, पेसा नियमों में कथित खामियां और सूची से नाम हटाना शामिल थे। कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव की बेटी निशा उरांव ने पत्रकारों को बताया, ''अपने संबोधन में भागवत ने कहा कि भारतीय

परंपरा और धर्म हमें विविधता में एकता सिखाते हैं। रास्ते भले ही अलग-अलग हों, लेकिन मंजिल एक ही है। भारतीय धर्म हमें सिखाता है कि सभी अलग-अलग रास्ते सही हैं और उनमें से कोई भी गलत नहीं है। यही सनातन, हिंदू और भारतीय धर्म है।'' झारखंड में लागू किए गए पेसा नियमों में कथित खामियों के खिलाफ मुखर रहने वाली निशा उरांव ने कहा कि उन्होंने भगवत के साथ बातचीत के दौरान यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा, ''मैंने उन्हें (भागवत को) बताया कि नियमों में प्रथागत कानूनों, सामाजिक और धार्मिक रीति-रिवाजों का कोई उल्लेख नहीं है, जो इस अधिनियम का मूल आधार हैं। इस खामी से आदिवासी समुदायों को भारी नुकसान होगा। यह आदिवासी लोगों के हित में नहीं है।''

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैशाली में 150 करोड़ रुपये की 128 परियोजनाएं शुरू कीं

हाजीपुर : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को अपनी 'समृद्धि यात्रा' के दौरान वैशाली जिले में लगभग 152 करोड़ रुपये की 128 परियोजनाओं की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने जिले में बाया नदी से गाद निकालने समेत मौजूदा विकास कार्यों की भी समीक्षा की। आठ प्रखंडों में जल निकासी में सुधार और बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए बाया नदी से गाद निकाला जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कुमार ने पानापुर बाबा बटेश्वर नाथ धाम परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 98 करोड़ रुपये की 103 योजनाओं का उद्घाटन किया और 54 करोड़ रुपये की 25 परियोजनाओं की

आधारशिला रखी। एक समीक्षा बैठक के दौरान कुमार ने कहा कि 'सात निश्चय-3' कार्यक्रम बिहार को देश के सबसे विकसित राज्यों में शामिल करने के उद्देश्य से लागू किए जा रहे हैं। बयान में कहा गया है कि 'सात निश्चय-3' कार्यक्रम के तहत जिले में नए औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 1,243 एकड़ भूमि की पहचान की गई है। बयान में कहा गया है कि इस यात्रा के तहत महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए 'जीविका दीदी' योजना के अंतर्गत 5,314 स्वयं सहायता समूहों को 101 करोड़ रुपये का एक प्रतीकात्मक चेक सौंपा गया।

झारखंड के माओवादियों से हिंसा त्यागकर विकास में शामिल होने का आग्रह है : डीजीपी

चाईबासा : झारखंड की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने शनिवार को माओवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़ने और राज्य की विकास पहल में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने मार्च तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। मिश्रा ने बृहस्पतिवार सुबह सारंडा जंगल में हुई गोलीबारी में सुरक्षा बलों द्वारा 17 माओवादियों को मार गिराए जाने की बड़ी सफलता के बाद पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा का दौरा किया। मारे गए माओवादियों में पतिराम मांझी उर्फ अनल दा भी शामिल था, जिस पर कुल मिलाकर 2.35 करोड़ रुपये का इनाम था।

गणतंत्र दिवस से पहले उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा पर निगरानी बढ़ाई गई

महाराजगंज (उप्र) : गणतंत्र दिवस से पहले, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस ने उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा पर निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) महराजगंज सोमेंद्र मीणा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, इलाके में देश विरोधी तत्वों की (संभावित) आवाजाही को रोकने के लिए, सुरक्षा एजेंसियों से कहा गया है कि वे लोगों को सीमा पार करने देने से पहले उनकी पहचान सुनिश्चित करें। खुली भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और देश विरोधी तत्वों की घुसपैठ को रोकने के प्रयास के तहत सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल जाने वाले हर रास्ते पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे लगाए हैं।

वर्ग पहेली नं. 3332



शैल द्रव, 4) बदइंतज़ामी, 5) मौजूदगी में; मुक़ाबले में, 6) अनुमति, 8) कामयाबी, 11) दस सौ, 15) मृदु होना, 16) टालमटोल, 18) लुच्चा, 19) वचन, 20) दावा, 23) घूम जाना, 24) कुश्ती की प्रतिद्वन्द्विता, 27) ज़िम्मेदारी, 28) कलश, 30) परिणाम. *(उत्तर: अगले अंक में)*

बायें से दायें:- 2) पहला; आगामी, 4) मुताबिक, 7) एक दिशा, 9) आनंद, 10) धन्य धन्य, 12) मुर्दा, 13) व्यक्तिगत, 14) पद; जगह, 17) एक शस्त्र, 21) नियुक्त करना *(दुकान में नौकर)*, 22) फाँसी की रस्सी, 23) न्यायार्थ काररवाई, 24) झगड़ा-फसाद, 25) जमावड़ा, 26) अनाड़ीपन, 29) व्यर्थ, 31) करीब-करीब, 32) ढाढ़स; तसल्ली.

ऊपर से नीचे:- 1) अनब्याहा, 2) अतिरिक्त, 3) ज्वालामुखीय तप्त

पिछली पहेली का उत्तर

न	■	स	खी	■	बं	दू	क	■	स	
दा	■	प	र	हे	ज	■	ल्ले	■	ला	
र	स	ना	■	क	र	■	आ	गा	ह	
द	म	■	ज	ड़	■	ब	म	■	का	
■	झ	ल्ल	ना	■	आ	दी	■	स	र	
सा	दा	■	ब	ल	वा	■	■	म	■	
फ़	र	क	■	■	रा	ज	की	य	■	
दि	■	■	मी	आ	द	■	मा	■	सू	ती
ल	फ़्फ़	ज़	■	फ़ा	ज़ि	ल	■	ची	ता	

सुडोकू-पहेली-3290

1							9	
	6		9	5		7		8
7						4		
4		1		3				
							1	
3		8			2	6		
						3		6
			2					
5			6	9			4	

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3289 का उत्तर

5	9	4	8	6	7	1	3	2
6	3	2	4	1	5	9	8	7
1	8	7	9	3	2	6	4	5
8	4	3	7	9	6	5	2	1
9	6	5	3	2	1	8	7	4
2	7	1	5	4	8	3	6	9
7	5	9	6	8	4	2	1	3
3	1	8	2	7	9	4	5	6
4	2	6	1	5	3	7	9	8

एसआईआर के खिलाफ आज राज्यभर में तृणमूल कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

तृणमूल सांसद, विधायकों चुनाव 'वार रूम' को तुरंत सक्रिय करें : अभिषेक बनर्जी

❑ **तृणमूल नेता ने प्रत्येक बूथ में एक 'बूथ रक्षा समिति' के तत्काल गठन का किया आह्वान**

कोलकाता, समाज्ञा : तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को पार्टी के सांसदों और विधायकों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव 'वार रूम' को तुरंत सक्रिय करें और 27 जनवरी से पार्टी नेतृत्व को नियमित रूप से अद्यतन जानकारी भेजते रहें। इस दिन, पार्टी नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक को संबोधित करते हुए, अभिषेक बनर्जी ने भाजपा द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और 'तार्किक विसंगतियों' के माध्यम से पात्र मतदाताओं को हटाने के कथित प्रयासों को विफल करने के लिए प्रत्येक बूथ में एक 'बूथ रक्षा समिति' के तत्काल गठन का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को 'तार्किक विसंगतियों' के माध्यम से मताधिकार से वंचित करने के प्रयासों के विरोध में तृणमूल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही निर्वाचन आयोग से मुलाकात करेगा। तृणमूल नेता ने कहा कि इसके अलावा, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज एसआईआर के खिलाफ प्रखंड और शहर स्तर पर धिक्कार/प्रतिवाद सभा आयोजित की जाएगी। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने दावा किया कि सूक्ष्म पर्यवेक्षकों द्वारा जिला चुनाव अधिकारियों से उनके 'लॉगिन' संबंधी जानकारी मांगे जा रहे हैं और कहा कि पार्टी इस मुद्दे को कानूनी रूप से उठाएगी। अभिषेक बनर्जी ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पहले दिए गए निर्देशों के बावजूद पार्टी में कई 'वॉर रूम' अभी तक सक्रिय नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि कई सांसद और विधायक इस लड़ाई में सक्रिय नहीं हैं और यह सिलसिला जारी नहीं रह सकता। जो लोग पार्टी के पक्ष में सक्रिय रूप से खड़े नहीं होंगे, उन्हें पार्टी का समर्थन नहीं मिलेगा। हमें पार्टी कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी की आवश्यकता है। उन्होंने ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा सत्र में भाग लेने के अलावा, प्रतिनिधियों को भाजपा के एजेंडे का मुकाबला करने के लिए भी समय देना चाहिए। तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने अभिषेक के हवाले से कहा कि एसआईआर के समाप्त होने में केवल 22 दिन शेष हैं। हमें और अधिक सक्रिय होना चाहिए। इतने सारे 'वॉर रूम' अभी भी निष्क्रिय क्यों हैं? यदि आवश्यक हो, तो जन प्रतिनिधियों को 'वॉर रूम' को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपनी जेब से खर्च करना चाहिए। अभिषेक ने कहा कि विधायक/सांसद द्वारा तैयार की गई 'वॉर रूम' रिपोर्ट 27 जनवरी से 15 फरवरी के बीच पार्टी के शीर्ष नेताओं को भेजी जानी चाहिए।

❑ **महिला विंग और सरकारी योजनाओं का प्रचार**

अभिषेक बनर्जी ने पार्टी की महिला शाखा को भी खास जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने 'पड़ार संकल्प' अभियान के तहत हर वार्ड में 58 मिनट की डॉक्यूमेंट्री 'लोक्खी एलो घोरे' दिखाने का निर्देश दिया। इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए राज्य सरकार की योजनाओं और कामकाज को जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया गया है।

❑ **भाजपा पर साधा निशाना**

अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने महाराष्ट्र और बिहार में मतदाता सूची से नाम हटाकर चुनाव जीते थे और अब वही तरीका बंगाल में अपनाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर खत्म होने में सिर्फ 22 दिन बचे हैं, ऐसे में सभी नेताओं को पूरी ताकत से मैदान में उतरना होगा और किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देना है।

❑ **चुनाव आयोग पर साधा निशाना**

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' सूची में शामिल लोगों के नाम जारी करने में देरी को लेकर चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और चुनाव आयोग की अपनी समयसीमा के बावजूद 24 जनवरी तक ग्राम पंचायतों और नगर वार्डों में सूची सार्वजनिक नहीं की गई। तृणमूल नेता ने सवाल उठाया कि जिस सॉफ्टवेयर ने 16 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी होने के एक घंटे के भीतर कथित गड़बड़ियां पकड़ लीं, वही अब नाम उजागर करने में असफल क्यों है। उन्होंने पूछा कि क्या देरी जानबूझकर की जा रही है?

मेट्रो यात्रियों के लिए खुशखबरी, सभी कॉरिडोरों में रिटर्न क्यूआर कोडेड टिकट सुविधा शुरू

कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता मेट्रो ने मेट्रो यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी कॉरिडोरों में प्रायोगिक आधार पर रिटर्न क्यूआर कोडेड पेपर टिकट सुविधा शुरू कर दी है। इस नई व्यवस्था के तहत यात्रियों को वापसी यात्रा के लिए दोबारा मेट्रो टिकट काउंटर से टिकट खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। इस पहल से यात्रियों का समय बचेगा और यात्रा अधिक सुगम एवं तेज होगी। रिटर्न क्यूआर कोडेड टिकट का उपयोग केवल उसी तिथि को किया जा सकेगा, जो टिकट पर अंकित होगी। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपनी वापसी यात्रा पूरी होने तक टिकट को सुरक्षित रखें। यह सुविधा यात्रियों की आवाजाही को आसान बनाने और भीड़ कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि यह प्रयोग सफल रहता है, तो भविष्य में इसे स्थायी रूप से लागू किया जा सकता है।

सीमा पर कंटीले तार की बाड़ को लेकर हाईकोर्ट सख्त, केंद्र और राज्य से हलफनामा तलब

कोलकाता : पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में कंटीले तार की बाड़ न होने से तस्करी बढ़ने के आरोपों को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से हलफनामा तलब किया है। इस संबंध में दायर जनहित याचिका के आधार पर मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की डिवीजन बेंच ने यह निर्देश दिया।

सीमावर्ती क्षेत्रों में कंटीले तार की बाड़ से जुड़े मुद्दे पर लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) सुब्रत साहा द्वारा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई थी। याचिका में दावा किया गया कि कई इलाकों में बाड़ नहीं होने के कारण तस्करी और अपराध की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। याचिकाकर्ता के अनुसार वर्ष 2016 से 2025 के बीच लगभग 2216.70 किलोमीटर सीमा क्षेत्र में कंटीले तार की बाड़ नहीं होने से अवैध तस्करी और आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है।

इस मामले में केंद्र सरकार ने अदालत में राज्य सरकार पर आरोप लगाया है। केंद्र का कहना है कि अब तक राज्य सरकार की ओर से भूमि अधिग्रहण नहीं किया गया है, जिसके कारण कंटीले तार की बाड़ लगाने का काम संभव नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में केंद्र की ओर से हाईकोर्ट में आवश्यक जानकारी भी जमा कराई गई है।

अदालत में प्रस्तुत दस्तावेजों को देखकर डिवीजन बेंच ने भी चिंता व्यक्त की। हाईकोर्ट ने इस पूरे मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार की स्थिति और स्पष्ट रुख जानने के लिए दोनों पक्षों से हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। हलफनामे दाखिल होने के बाद ही अदालत इस मामले में आगे का निर्णय लेगी।

एसआईआर : प्रक्रिया में उत्पीड़न का आरोप, बर्दवान स्टेशन पर स्थानीय लोगों का रेल अवरोध

बर्दवान : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में कथित उत्पीड़न के विरोध में शनिवार को बर्दवान रेलवे स्टेशन पर स्थानीय लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने रेल पटरियों पर उतरकर अवरोध किया, जिससे रेल यातायात प्रभावित हुआ और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे स्थानीय निवासी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर स्टेशन परिसर में पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू किया। देखते ही देखते स्थिति उग्र हो गई। प्रदर्शनकारियों के एक हिस्से ने रेलवे ट्रैक पर लेटकर रेल अवरोध किया, जिसके कारण कई लोकल ट्रेनें रास्ते में ही रुक गईं। कुछ ट्रेनें आधे घंटे से अधिक समय तक फंसी रहीं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर उन्हें बार-बार बुलाकर परेशान किया जा रहा है। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम

स्थानीय निवासी हैं। बांग्लादेशी पहचान के नाम पर हमें क्यों परेशान किया जा रहा है? बार-बार एक ही प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। रेल अवरोध के चलते स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एक यात्री ने एसआईआर प्रक्रिया में उत्पीड़न के आरोप का समर्थन तो किया, लेकिन रेल अवरोध को उचित नहीं बताया। बाद में मौके पर पहुंची भारी संख्या में पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित किया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार फिलहाल रेल सेवा सामान्य हो चुकी है।

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार को दो दिवसीय बंगाल दौरे पर पहुंचेंगे

❑ **दुर्गापुर और आसनसोल में बड़ी सांगठनिक बैठकें**

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों की आहट के बीच भाजपा ने अपना चुनावी अभियान तेज कर दिया है। संगठन को धार देने और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन 27 और 28 जनवरी को राज्य के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। नितिन नवीन के दौरे की शुरुआत 27 जनवरी की शाम अंडाल एयरपोर्ट आगमन के साथ होगी। उनका पहला प्रमुख कार्यक्रम दुर्गापुर के चित्रालय मेला मैदान में आयोजित 'कमल मेला' होगा, जहां वे शाम 6.30 बजे पार्टी समर्थकों और जनता से संवाद करेंगे। इसके तुरंत बाद, वे दुर्गापुर के होटल फॉर्च्यून में राज्य कोर टीम की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी चुनावों के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करना और राज्य के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा करना है। दौरे के दूसरे दिन, यानी 28 जनवरी को, नितिन नवीन अपने दिन की शुरुआत भिरिंगी काली मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ करेंगे, जिसके बाद वे बर्दवान विभाग कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। दो घंटे तक चलने वाले इस सम्मेलन में बर्दवान संभाग के विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओं को चुनावी जीत का मंत्र दिया जाएगा। अपने दौरे के अंतिम चरण में, वे आसनसोल के रानीगंज पहुंचेंगे, जहां जिला कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर स्थानीय मुद्दों और बूथ स्तर की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

Name Change

I, Sarada Devi Show, daughter of Sukhari Shaw, residing at 234/D, Kali Charan Ghosh Road, Sinthee, Kolkata-700050, do hereby solemnly affirm and declare that Sukhari Shaw and Sukher Show refer to one and same person, i.e. my father via affidavit in the Court of Ld Judicial Magistrate 1st Class at Alipore dated 22nd January 2026.

Name Change

I, Bhavesh Chovatia, (DOB 26th February 1865), son of Rajnikant D Chovatia and Bharti R Chovatia, residing at Flat 6A, 45/4A, Chakraberia Road South, Bhawanipur, Kolkata-700025, do hereby solemnly affirm and declare that Bhavesh Chovatia, Bhavesh Rajnikant Chovatia, Bhavesh R Chovatia refer to the same person, myself via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 20th January 2026.

न्यूटाउन में कूड़े के ढेर से नवजात का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

कोलकाता, समाज्ञा : न्यूटाउन थाना अंतर्गत चंडीबेड़िया इलाके में शनिवार को कूड़े के ढेर से एक नवजात का शव बरामद किया गया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव बरामद कर लिया गया है। पता चला है कि शव एक बच्चा लड़का का है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, इलाके में कूड़े के ढेर में नवजात बच्चे का शव पड़ा देखकर दहशत फैल गई। चश्मदीदों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस का शुरुआती अंदाजा है कि किसी ने रात के अंधेरे में नवजात बच्चे का

शव वहां छोड़ दिया। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि यह घटना असल में कैसे और किन हालात में हुई। पुलिस ने कहा कि इस बात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस घटना के पीछे एक व्यक्ति या एक से ज़्यादा लोग शामिल हैं। घटना किस समय हुई, यह पता लगाने के लिए आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जांच करने वाले यह भी देख रहे हैं कि क्या इलाके में कोई संदिग्ध व्यक्ति मौजूद था, खासकर देर रात। बरामद नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिधाननगर उपजिला अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस का मानना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद बच्चे की मौत का असली कारण साफ हो जाएगा।

एसआईआर : बंगाल में सुनवाई की निगरानी के लिए 294 वरिष्ठ माइक्रो-ऑब्जर्वर नियुक्त

कोलकाता, समाज्ञा : निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने राज्य में मतदाताओं की मसौदा सूची पर दावों और आपत्तियों पर चल रही सुनवाई की समीक्षा के लिए 294 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए एक-एक वरिष्ठ माइक्रो-ऑब्जर्वर नियुक्त किए हैं। इन 294 वरिष्ठ सूक्ष्म-पर्यवेक्षकों को आयोग द्वारा सुनवाई सत्र की समीक्षा के लिए पहले से नियुक्त 6,600 माइक्रो-ऑब्जर्वर से ऊपर रखा गया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, माइक्रो-ऑब्जर्वर और वरिष्ठ माइक्रो-ऑब्जर्वर के पदक्रम और कार्यभार में कुछ अंतर हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी के कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने हाल ही में ओडिशा, बिहार और झारखंड के अपने समकक्षों को वरिष्ठ माइक्रो-ऑब्जर्वर के रूप में नियुक्तियों के लिए अधिकारियों को भेजने के लिए पत्र भेजे थे। इन तीनों राज्यों से वरिष्ठ माइक्रो-ऑब्जर्वर का चयन कर लिया गया है और वे 26 जनवरी को राज्य में अपने-अपने कार्यभार संभालेंगे। वे सुनवाई सत्र के पूरा होने तक पश्चिम बंगाल में रहेंगे, जिसके बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

बंगाल ने राजस्व व्यय की वृद्धि पर लगाया अंकुश, पूंजीगत खर्च में आई गिरावट : रिपोर्ट

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य सरकार चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले आठ महीनों में अपने राजस्व व्यय की वृद्धि को नियंत्रित रखने में सफल रही है। 'केयरएज रेटिंग्स' की राज्यों की वित्तीय स्थिति पर जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जहां कई राज्य खर्च के बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं, वहीं अप्रैल-नवंबर की अवधि में पश्चिम बंगाल का राजस्व व्यय सालाना आधार पर केवल 3.8 प्रतिशत बढ़ा। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज की गई 16.1 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले काफी कम है। एजेंसी के विश्लेषण के मुताबिक, आलोच्य 22 राज्यों के कुल राजस्व व्यय में पश्चिम बंगाल की हिस्सेदारी 6.2 प्रतिशत रही, जो राज्य के संतुलित खर्च को दर्शाती है। रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल को उन राज्यों की श्रेणी में नहीं रखा गया है जिनकी राजकोषीय स्थिति चिंताजनक है। इसके विपरीत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों ने इस अवधि के दौरान अपने बजटीय राजकोषीय घाटे का एक बड़ा हिस्सा पहले ही खर्च कर दिया है। हालांकि, रिपोर्ट में पूंजीगत व्यय के मोर्चे पर कमजोरी की ओर भी संकेत किया गया है। अप्रैल-नवंबर के दौरान पश्चिम बंगाल के पूंजीगत खर्च में सालाना आधार पर 35.1 प्रतिशत की गिरावट आई। पिछले साल इसी अवधि में यह गिरावट 13.0 प्रतिशत थी। विश्लेषण किए गए 22 राज्यों के कुल पूंजीगत व्यय में पश्चिम बंगाल की हिस्सेदारी मात्र 2.1 प्रतिशत रही, जो इसे समग्र राज्य पूंजीगत व्यय में कम योगदान देने वाले राज्यों की सूची में रखता है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक:04-सीईई- सी-एसईसीआर-2026, दिनांक-21/01/2026 **कार्य का नाम :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर और नागपुर मंडल में निम्नलिखित इलेक्ट्रिकल यूटिलिटीज़ की शिफ्टिंग/कन्वर्जन/मॉडिफिकेशन/अंडरग्राउंडिंग के लिए इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन का काम: (i) जटकन्हार-डोंगरगढ़ के बीच 33 केवी. डी.सी. -01 नग; (ii) परमालकसा राजनांदगांव के बीच 33 केवी, एस.सी. 01 नग; (iii) रसमड़ा-मुड़हीपार के बीच 33 केवी. डी.सी.-01 नग; (iv) लाटाबोर-बालोद के बीच 11 केवी. एच.टी. 07 नग, एल.टी. लाइन-05 नग और ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग-05 नग; (v) राजनांदगांव ईस्ट एल.सी. गेट के पास 04 पोल स्ट्रक्चर (11 KV) 01 नग; (vi) कैंप ऑफिस डब्लू. आर. एस., रायपुर में 11 केवी. 02 नग, (vii) दुर्ग यार्ड में लाइट का लैटिस टावर -डिस्मेंटलिंग 01 नग और (viii) डी. एल. बी. एस. में ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग-01 नग और 33 केवी. पावर लाइन क्रॉसिंग-01 नग
निविदा मुल्य : रु. 2,98,52,943.83 (रुपये दो करोड़ अन्ठानवे लाख बावन हजार नो सौ तैतालिस दशमलव आठ तीन मात्र) **बयाना राशि :** 2,99,300/- (रुपये दो लाख निन्यानवे हजार तीन सौ मात्र) **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक :** 16-02-2026 को 15:30 बजे। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** 16-02-2026 को 15:45 बजे। **कार्य पूर्णता की अवधि:** 08 (आठ माह) एल. ओ. ए. जारी होने के तारीख के बाद से । **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान :** उपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी/ई-निविदा दस्तावेज पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर / देख सकते है।
सहा. कार्य. विद्युत अभियंता (निर्माण)
सीपीआर/10/AM/643 **द.पू.म. रेलवे, रायपुर**
South East Central Railway @secrail

पश्चिम मध्य रेल
विद्युत विभाग (कर्षण-वितरण शाखा)
ई-निविदा सूचना
एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2025-07 **दिनांक 22/01/2026**
वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। कार्य का नाम - जबलपुर डिवीजन में टीएसएस/एसपी/एसएसपी आस्टीयू में आरडीएसओ विनिर्देश क्रमांक टीआई/एसपीसी आरसीसी/एससीएडीए/0134 के अनुसार स्काडा सिस्टम में साइबर सुरक्षा का कार्यान्वयन और फर्मवेयर अपग्रेडेशना। **कार्य स्थल**- जबलपुर मण्डल। **कार्य की अवधि**- 12 माह. **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू)**- रूपये 4,10,69,096.07/- (रूपये चार करोड दस लाख उनहत्तर हजार छियानवे एवं सात पैसे मात्र), **बयाना राशि** - रूपये 3,55,400.00/-, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**- 20/02/2026 15:00 बजे/ 20/02/2026 15:30 बजे, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेबसाईट- https://www.ireps.gov.in निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाईन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वाइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।
(हस्ता.)
कृते वरि. मं.वि. इंजी. क.वि.
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

माध्यमिक के एनरोलमेंट-एडमिट को लेकर बड़ी राहत, दुबारा खुलेगा ऑनलाइन पोर्टल

कोलकाता : विद्यालय स्तर की त्रुटियों के कारण जिन परीक्षार्थियों को माध्यमिक परीक्षा का एनरोलमेंट और एडमिट कार्ड नहीं मिल पाया था, उनके लिए बड़ी राहत की खबर है। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने इस संबंध में अहम जानकारी दी है। उन्होंने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट कर बताया कि पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से ऑनलाइन एनरोलमेंट पोर्टल एक बार फिर खोला जा रहा है। बोर्ड सूत्रों के अनुसार, यह ऑनलाइन एनरोलमेंट पोर्टल 27 जनवरी दोपहर 12 बजे से 28 जनवरी दोपहर 12 बजे तक खुला रहेगा। इस निर्धारित समय के भीतर वंचित परीक्षार्थी दोबारा आवेदन कर अपना एनरोलमेंट पूरा कर सकेंगे और एडमिट कार्ड प्राप्त कर पाएंगे। शिक्षा मंत्री ने अपने पोस्ट में स्पष्ट किया कि यह विशेष अवसर पूरी तरह से परीक्षार्थियों के हित में दिया जा रहा है, ताकि विद्यालयों की लापरवाही का खामियाजा छात्रों को न भुगतना पड़े। इस घोषणा के बाद माध्यमिक परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों के बीच काफी राहत देखी जा रही है।

भाजपा ने 'चुनावी घोषणापत्र' के लिए बनाई समिति, तापस रॉय बने अध्यक्ष

कोलकाता, समाज्ञा

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में राजनीति हलचल बढ़ रही है। भाजपा और टीएमसी दोनों तैयारियां शुरू कर चुकी है। इस बीच, शनिवार को भाजपा ने राज्य संकल्प पत्र समिति का गठन किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की मंजूरी के बाद यह तत्काल प्रभाव से प्रभावी हो चुका है। इस कमिटी का उद्देश्य राज्य के मुख्य मुद्दों की पहचान करके आम जनता, विशेषज्ञों और समाज से संगठनों और कार्यकर्ताओं से सुझाव लेना है। इसके आधार पर पार्टी घोषणा पत्र का मसौदा तैयार करेगी। संकल्प पत्र समिति का अध्यक्ष तपस रॉय को बनाया गया है। जबकि, डॉ अशोक लहरी को संयोजक बनाया गया है। सह-संयोजक अग्निमित्र पॉल होंगी। अन्य सदस्यों में डॉ चितरंजन मंडल, सांसद मनोज तिग्गा, डॉ स्वप्नदेश गुप्ता, शिशिर बाजोरिया, डॉ अमल कांति राय, वैशाली डालमिया, अनिर्बन गांगुली और देबजीत सरकार शामिल है।

ममता सरकार ने डीजी पद के लिए 8 लोगों की सूची भेजी

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य पुलिस के कार्यवाहक महानिदेशक (डीजी) राजीव कुमार 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वे पिछले दो साल से उस पद पर हैं। इस बीच, अगले डीजी को लेकर उलझनें हैं। राज्य सरकार ने सूची भेजने में इतनी देर कर दी है कि यूपीएससी ने सुप्रीम कोर्ट जाने की सलाह दी है। अब, नवान्न ने उस पद के लिए 8 नामों की सूची भेजी है। इन 8 लोगों के नाम 21 जनवरी को भेजे गए थे। और राजीव कुमार खुद उस सूची में हैं। अभी तक उन्हें कोई एक्सटेंशन नहीं मिला है, यानी उनका अवधि नहीं बढ़ाया गया है। इसके बावजूद, उनका नाम सूची में रखा गया है। नतीजतन, प्रशासनिक गलियारों के एक हिस्से को लगता है कि शायद यूपीएससी इस सूची को भी स्वीकार न करे।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मुख्यमंत्री ममता ने बेटियों के सशक्तिकरण पर दिया जोर

कोलकाता, समाज्ञा : राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एक्स पर एक भावुक संदेश साझा करते हुए बंगाल और पूरे देश की बेटियों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज के भविष्य की शिल्पकार हैं और बंगाल में बालिकाओं का सम्मान और सशक्तिकरण केवल एक दिन नहीं, बल्कि पूरे वर्ष किया जाता है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि उनकी सरकार जन्म से लेकर शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सुरक्षा तक, जीवन के हर मोड़ पर बेटियों

के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि यह सफर 'कन्याश्री' योजना से शुरू होता है, जिसे लड़कियों की शिक्षा और कल्याण को बढ़ावा देने तथा बाल विवाह को रोकने के लिए शुरू किया गया था। उन्होंने दावा किया कि इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक लड़कियों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। ममता ने 'सबूज साथी' योजना का भी उल्लेख किया, जिसके तहत छात्राओं को स्कूल आने-जाने के लिए साइकिल दी जाती है। इसके अलावा, शिक्षा के क्षेत्र में 'शिक्षाश्री', 'ऐक्यश्री', 'मेधाश्री', 'तरुणेर स्वप्न' जैसी योजनाओं के साथ मुफ्त पाठ्यपुस्तकें, स्कूल यूनिफॉर्म, जूते और मध्याह्न भोजन जैसी सुविधाएं भी सरकार की ओर से प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विवाह के समय लड़कियों को 'रूपश्री' योजना के तहत एकमुश्त आर्थिक सहायता दी जाती है। वहीं, वयस्क महिलाओं को 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया है, जिससे राज्य की 2.21 करोड़ महिलाएं हर महीने सीधे सरकारी सहायता प्राप्त कर रही हैं। इसके साथ ही 'स्वास्थ्य साथी' कार्ड के माध्यम से महिलाओं और उनके परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर भी दिया जा रहा है। अपने संदेश के अंत में ममता ने कहा कि आज बंगाल की बेटियां विज्ञान की प्रयोगशालाओं से लेकर अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने बेटियों के लिए भयमुक्त, स्वतंत्र और सशक्त वातावरण उपलब्ध कराने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

Notice Inviting e-Tender
Ref e-NIT No.: 2026_ZPHD_993561_1 to 5 & 2026_ZPHD_993584_1 & 2026_ZPHD_993583_3
Two e-Tender (**Notice Memo No.- 55/K-II PS, Dated- 21.01.2026 & Memo No.- 56/K-II PS, Dated- 21.01.2026**) containing seven number schemes for construction & sinking of tubewell work under Kalna-II Panchayat Samity, Purba Bardhaman has been floated amounting to **Rs. 18.45724 lakh. Fund- 15th CFC (Tied & Untied Grant) 25-26.**
Bid Submission End on: **03.02.2026 at 17:00 PM.**
Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**
Please look for details in the undersigned office notice board.
Sd/-
Executive Officer
Kalna-II Panchayat Samity
Singerkone, Purba Bardhaman

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

शुभेंदु ने बांकुड़ा में भाजपा नेता के घर में लगी आग के पीछे तृणमूल का हाथ होने का लगाया आरोप

बांकुड़ा : नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को आरोप लगाया कि बांकुड़ा जिले में एक स्थानीय भाजपा नेता के घर में लगी आग के पीछे सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का हाथ था। इस दिन, जिले के ओंदा इलाके में तापस बारिक के जले हुए घर का दौरा करने के बाद, भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में विपक्षी आवाजों को दबाने के लिए एक 'गहरी साजिश' में लगी हुई है। जानकारी के मुताबिक, 22 जनवरी को तड़के करीब दो बजे आग लगी, जिससे भाजपा के ओंडा विधानसभा क्षेत्र के आईटी समन्वयक बारिक का घर जलकर राख हो गया। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि यह घटना बारिक की बढ़ती संगठनात्मक भूमिका के कारण उन्हें जान से मारने का जानबूझकर किया गया एक प्रयास थी। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस को इस बात का डर है कि बारिक क्षेत्र में भाजपा का आधार मजबूत कर रहे हैं। भाजपा नेता ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और 'सनातन संस्कृति' का समर्थन करने वाले 25 से 30 वर्ष की आयु के भाजपा कार्यकर्ताओं को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि प्रशासन दोषियों को बचाने के लिए इस घटना को शॉर्ट सर्किट या गैस रिसाव के कारण हुई दुर्घटना के रूप में पेश करने का प्रयास कर सकता है।

स्वरूपनगर में आम के पेड़ से लटके मिले दो युवकों के शव

कोलकाता, समाज्ञा : उत्तर 24 परगना जिले के स्वरूपनगर थाना अंतर्गत गोविंदपुर इलाके के एक आम बागान में शनिवार की सुबह दो युवकों का शव आम के पेड़ से लटका मिला। स्थानीय लोगों ने गो-विंदपुर के एक आम बागान में एक ही आम के पेड़ से दो युवकों के शव लटके हुए देखे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक तौर पर पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है, लेकिन परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने का संदेह जताया है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान राकिबुल मंडल (20) और राज भद्र (22) के रूप में हुई है। राकिबुल गोविंदपुर ग्राम पंचायत इलाके का निवासी था और कक्षा 11 का छात्र था, जबकि राज दत्तपाड़ा इलाके का रहने वाला था। बताया गया है कि शुक्रवार को सरस्वती पूजा के अवसर पर दोनों दोस्त घूमने के लिए घर से निकले थे। रात होने के पर जब दोनों घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। आस-पास के इलाकों में खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। राकिबुल के चाचा ने बताया कि परिवार सुबह गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने की तैयारी कर रहा था, तभी शव मिलने की खबर आई। वहीं, राज के पिता का कहना है कि परिवार में किसी तरह का कोई विवाद नहीं था और बेटे के आत्महत्या करने की कोई वजह समझ में नहीं आती। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मौत के कारणों को लेकर स्थिति फिलहाल स्पष्ट नहीं है। आत्महत्या या हत्या, दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ पाएगी।

रेड रोड पर गणतंत्र दिवस की रिहर्सल के दौरान कार गार्डरेल से टकराई, चालक गिरफ्तार

कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता के रेड रोड इलाके में गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के दौरान एक तेज रफ्तार लग्जरी कार गार्डरेल से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि कार तेज गति से रेड रोड की ओर आ रही थी और जब अधिकारियों ने उसे रुकने का इशारा किया, तो चालक ने कार भागने की कोशिश की और वह गार्ड रेल से टकरा गई। हालांकि, इस दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन इससे वर्ष 2016 में हुई उस दुर्घटना की यादें ताजा हो गईं, जिसमें गणतंत्र दिवस के रिहर्सल के दौरान उसी क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार बैरिकेड तोड़कर अंदर घुस गई थी और वायु सेना के कॉर्पोरल अभिमन्यु गौड़ की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि वाहन जब्त कर लिया गया है और चालक को हिरासत में ले लिया है। मैदान पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा कि हम चालक से पूछताछ कर रहे हैं ताकि यह पता चल सके कि वह प्रतिबंधित क्षेत्र में क्यों घुसा और रुकने का इशारा किए जाने पर भागने की कोशिश क्यों की। उन्होंने कहा कि जब्त की गई कार का वैध बीमा और प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र नहीं था।

द सीएजी स्कूल में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई सरस्वती पूजा

कोलकाता, समाज्ञा : द सीएजी स्कूल में 23 जनवरी को विद्या, बुद्धि, संगीत एवं कला की देवी मां सरस्वती की पूजा श्रद्धा और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय माहौल से ओत-प्रोत रहा, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय के सभागार को फूलों, रंगोली एवं आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया था। पूजा का शुभारंभ प्रातःकाल पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। इस अवसर पर ट्रस्टी एवं संयुक्त सचिव चंद्रेश मेघानी और परिमल अजमेरा, प्रधानाचार्य जिमी साहनी, जॉय दीप मुखर्जी, सोनल जगानी, प्रीति पॉल, अनीता मैम, रोहिणी मैम एवं भासमती मैम विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पुष्प, फल एवं मिष्ठान अर्पित कर मां सरस्वती की आराधना की। छात्र-छात्राएं पारंपरिक परिधानों में उपस्थित होकर उत्सव की शोभा बढ़ा रहे थे। ज्ञान और कला के प्रतीक के रूप में पुस्तकों, कलमों और वाद्य यंत्रों को देवी के चरणों में अर्पित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानद सचिव जय कामदार, संयुक्त सचिव चंद्रेश मेघानी, परिमल अजमेरा के साथ-साथ सदस्य परेश दफ्तरी और गीतांजलि ठक्कर का विशेष सहयोग रहा।

सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने सरस्वती पूजा पर पेश किया खास आस्था-प्रेरित ज्वेलरी कलेक्शन

कोलकाता, समाज्ञा : सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने वसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर नई शुरुआत से प्रेरित एक विशेष सरस्वती पूजा ज्वेलरी कलेक्शन पेश किया है। ज्ञान, रचनात्मकता और विचारों की स्पष्टता को समर्पित यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है, जब शिक्षा, विवाह, नए घर और जीवन के महत्वपूर्ण नए अध्यायों के लिए आशीर्वाद की कामना की जाती है। इस सरस्वती पूजा कलेक्शन में आध्यात्मिक प्रतीकात्मकता, सुसंस्कृत डिजाइन और उत्कृष्ट कारीगरी का सुंदर संगम देखने को मिलता है। भक्ति और जीवन के महत्वपूर्ण परिवर्तनों को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई इस कलेक्शन की प्रत्येक ज्वेलरी सेन्को के इस विश्वास को दर्शाती है कि उद्देश्यपूर्ण ढंग से चुने गए आभूषण जीवन के सबसे अर्थपूर्ण क्षणों का स्थायी हिस्सा बन जाते हैं। इस अवसर पर सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स की डायरेक्टर एवं हेड-मार्केटिंग और डिजाइन, जोइता सेन ने कहा कि सरस्वती पूजा भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक चेतना में विशेष स्थान रखती है। उन्होंने बताया कि सेन्को इस पर्व को ज्ञान, रचनात्मकता और उद्देश्यपूर्ण जीवन के उत्सव के रूप में देखता है। कलेक्शन में सीताहार शैली के क्लासिक गोल्ड नेकलेस, स्टेटमेंट पेंडेंट्स, एंटीक फिनिश चोकर्स, कुंदन और पोल्की डिजाइन्स, पारंपरिक गोल्ड चूड़ियां, डिजाइनर इयररिंग्स तथा मां सरस्वती, मां लक्ष्मी और भगवान गणेश को दर्शाने वाले भक्ति पेंडेंट्स शामिल हैं। कुशल कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित और बीआईएस हॉलमार्क से प्रमाणित यह कलेक्शन देशभर के सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स स्टोर्स और आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कोलकाता पुस्तक मेले में एनएसई ने निवेशक जागरूकता लगाया स्टॉल

कोलकाता, समाज्ञा : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने वित्तीय साक्षरता और सोच-समझकर निवेश को बढ़ावा देने के लिए अपने संपर्क अभियान के तहत 49वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले में एक निवेशक जागरूकता मंडप स्थापित किया है। यह मंडप बिधाननगर के बोइमेला प्रांगण में 22 जनवरी से 14 दिनों तक खुला रहेगा। इस मंडप का उद्देश्य रुचिपूर्ण प्रदर्शनी, आमने-सामने की बातचीत, निवेशक जागरूकता कार्यशालाओं और शिकायत निवारण हेल्पडेस्क के माध्यम से प्रतिभूति बाजार के बारे में निवेशकों की समझ को बढ़ाना है। बयान में कहा गया कि आगंतुक 'व्हील ऑफ फाइनेंशियल फ्रीडम' और 'एवरी मूव मैटर्स' जैसे खेलों के साथ ही ऑनलाइन वित्तीय प्रश्नोत्तरी और धोखाधड़ी की पहचान करने वाले अभ्यासों में भाग ले सकते हैं।

विकास का मूल आधार है मर्यादा : मुनि जिनेशकुमार

❑ **162वें मर्यादा महोत्सव के त्रिदिवसीय कार्यक्रम का दूसरा दिन भव्यता के साथ आयोजित**

कोलकाता : युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेशकुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में 162वें मर्यादा महोत्सव के त्रिदिवसीय कार्यक्रम का दूसरा दिन व्यक्तिगत एवं सामूहिक विकास में मर्यादा की भूमिका विषय पर साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा द्वारा शरत सदन में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री जिनेशकुमार जी ने कहा कि दो तटों के बीच बहती हुई नदी आसपास की भूमि को सरस बना देती है, उसी प्रकार मर्यादा में रहने वाला व्यक्ति एवं समूह निरंतर विकास करता है। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार तटबंध को तोड़कर फैलने वाला जलप्रवाह उस क्षेत्र में तबाही मचा देता है, उसी प्रकार मर्यादा का उल्लंघन कर जीवन जीने वाला व्यक्ति एवं समूह विनाश को आमंत्रित करता है। व्यक्ति और समूह के विकास के लिए मर्यादा अत्यंत आवश्यक है।

मुनि श्री ने बताया कि तेरापंथ के संस्थापक आचार्य भिक्षु ने तत्कालीन साधु समाज के अमर्यादित आचरण को देखकर संघ में मर्यादाओं का निर्माण किया और उन्हें सुदृढ़ रूप से लागू किया। इसके फलस्वरूप धर्मसंघ में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति विकास की दिशा में अग्रसर हुआ और व्यक्ति के विकास से स्वतः ही संघ का विकास हुआ। उन्होंने पुनः प्रतिपादित किया कि विकास का मूल आधार मर्यादा है। मर्यादा में रहने वाला व्यक्ति ही वास्तविक विकास कर सकता है। पारस्परिक प्रेम-सौहार्द, स्वाध्याय, अध्ययन, आगमानुसंधान, सेवा यात्राएं, श्रावक समाज की सार-संभाल एवं समृद्धि-ये सभी व्यक्तिगत तथा संघीय विकास के महत्वपूर्ण सूत्र हैं।

मुनि श्री ने यह भी कहा कि आज के ही दिन आचार्य महाप्रज्ञ जी आचार्य पद पर प्रतिष्ठित हुए थे। वे ज्योतिर्धर, आगमवेत्ता, तत्ववेत्ता, दार्शनिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विद्वान थे। उन्होंने जीवन विज्ञान और प्रेक्षाध्यान जैसे आयाम देकर समाज को उपकृत किया।

कार्यक्रम में मुनि कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीत का संगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल द्वारा मर्यादा कव्वाली की प्रस्तुति से हुआ। स्वागत भाषण मुख्य न्यासी संजय जी नाहटा ने दिया। जैन कार्यवाहिनी की सदस्यों ने भी सुमधुर गीत प्रस्तुत किए। आभार ज्ञापन दक्षिण हावड़ा सभा के सहमंत्री मनोज कोचर ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानंद जी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उप-स्थित रहे।

वीआईपी रोड स्थित भवानी रेजीडेंसी पंचवटी में सरस्वती पूजा मनाया गया।

टाटा एआईए लाइफ ने प्रीमियम ऑफसेट और गारंटीशुदा आय विकल्प के साथ दीर्घकालिक बचत को बनाया आसान

कोलकाता : भविष्य के लिए बचत सभी करना चाहते हैं - लेकिन दीर्घकालिक बचत योजना को बरकरार रखने अक्सर मुश्किल हो सकता है। बढ़ते घरेलू खर्च, बदलती प्राथमिकताएं, और साल-दर-साल प्रीमियम भुगतान के दबाव कारण दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को बनाए रखना मुश्किल लग सकता है। ऐसे में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने बचत को आसान और अपेक्षाकृत अधिक किफायती बनाने के लिए, अपनी दीर्घकालिक बचत योजना, फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम, को ऐसी विशिष्टताओं के साथ बेहतर बनाया है जो गारंटीशुदा रिटर्न प्रदान कर वित्तीय बोझ कम करते हैं। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के प्रमुख- उत्पाद, विपणन, कॉर्पोरेट संचार एवं बिज़नेस मिड ऑफिस, सुजीत कोठारे ने इस बदलाव पर अपनी टिप्पणी में कहा: कई उपभोक्ता दीर्घकालिक स्तर पर बचत करना चाहते हैं लेकिन हिचकिचाते हैं क्योंकि इसके लिए निवेश करते रखना अक्सर बोझ बन जाता है, विशेष रूप से बढ़ती लागत और कर के मद्देनज़र।

सैमसंग हेल्थ ऐप पर 'फिट इंडिया वॉक-ए-थॉन 26' की घोषणा

कोलकाता, समाज्ञा : सैमसंग ने सैमसंग हेल्थ ऐप पर 'फिट इंडिया वॉक-ए-थॉन 26' की घोषणा की है। यह स्टेप-काउंट आधारित फिटनेस चैलेंज विशेष रूप से भारत के यूज़र्स के लिए शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य लोगों को दैनिक गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह पहल गणतंत्र दिवस के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य का संकल्प लेने के विचार को बढ़ावा देती है। इस चैलेंज के लिए पंजीकरण 22 जनवरी 2026 से सैमसंग हेल्थ ऐप पर शुरू हो चुके हैं, जबकि चैलेंज 26 जनवरी से 24 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को 30 दिनों में कुल 2,00,000 कदम पूरे करने होंगे। इस दौरान यूज़र्स अपनी प्रगति ट्रैक कर सकेंगे और लीडरबोर्ड के माध्यम से अन्य प्रतिभागियों से तुलना भी कर पाएंगे। लक्ष्य पूरा करने वाले प्रतिभागियों को लकी ड्रॉ में शामिल किया जाएगा। इसमें तीन विजेताओं को 10,000 रुपये तथा 1,000 विजेताओं को 500 रुपये के अमेज़न गिफ्ट कार्ड प्रदान किए जाएंगे। यह पहल सैमसंग की स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में बॉलीवुड सितारों का धमाकेदार संगम

कोलकाता, समाज्ञा : नेटफ्लिक्स के लोकप्रिय शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के सीज़न 4 का आने वाला एपिसोड दर्शकों के लिए मनोरंजन का भरपूर पैकेज लेकर आ रहा है। इस बार कपिल शर्मा का मंच बॉलीवुड मल्टीवर्स में तब्दील हो जाता है, जहां हास्य, नॉस्टेल्जिया और सितारों की मौजूदगी मिलकर दर्शकों को हंसी का फुल डोज देती है। एपिसोड में आमिर खान, सलमान खान, शाहरुख खान, गोविंदा और रानी मुखर्जी से जुड़े मज़ेदार संदर्भ शो की खास आकर्षण बनते हैं। कार्यक्रम के दौरान कपिल शर्मा और आमिर खान के बीच 'खंडाला' को लेकर हुआ हल्का-फुल्का संवाद दर्शकों को खूब गुदगुदाता है। वहीं, सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा अपने-अपने किरदारों के ज़रिये बॉलीवुड सितारों की नकल कर माहौल को और भी रंगीन बना देते हैं। शो में रानी मुखर्जी अपनी नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे को लेकर भावनात्मक अनुभव साझा करती हैं। साथ ही, आदित्य चोपड़ा के साथ उनकी प्रेम कहानी का ज़िक्र एपिसोड को एक खास रोमांटिक मोड़ देता है। हंसी, भावनाओं और सितारों से सजा यह एपिसोड केवल नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगा।

श्री तिरहुत नवयुवक मंडल का स्वर्ण जयंती वर्ष

❑ **अखंड हरिनाम संकीर्तन से गूंजा क्षेत्र**

हावड़ा : श्री तिरहुत नवयुवक मंडल द्वारा वार्षिक महोत्सव यज्ञ और अखंड हरिनाम संकीर्तन व रामायण पाठ का भव्य आयोजन किया गया। विशेष बात यह है कि इस वर्ष यह संस्था अपने स्वर्ण जयंती वर्ष (50वें वर्ष) में प्रवेश कर गई है, जिसे लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में कीर्तन मंडली के सदस्यों रामदरस राय, शम्भू राय, महेशी साव, नन्दलाल यादव, रमेश मंडल, प्रमेश्वर राय, जितेन राय और देवनाथ राय ने अपनी प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। महोत्सव को सफल बनाने में मंडल के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे अध्यक्ष आनन्द राय, उपाध्यक्ष: रामप्रसाद साव, गणेश राय, रामस्वरूप राऊत,सचिव: रमाकांत राय, उपसचिव: रामरेखा राय, रामचंद्र साव, दिलीप राय, कोषाध्यक्ष: संतोष राय और सचिन सिंह। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

बेलदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा, एक की मौत

पश्चिम मेदिनीपुर : जिले के बेलदा अंतर्गत बाखराबाद इलाके में शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। खड़गपुर-बालेश्वर 16 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्कूटी से सड़क पार करने के दौरान बेलदा की ओर जा रही एक लॉरी की चपेट में आने से वह व्यक्ति लॉरी के पहिए के नीचे कुचल गया। मृतक की पहचान धरम सिंह के रूप में हुई है। वह केशियाड़ी थाना क्षेत्र के मुड़ाकाटा गांव का निवासी था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कूटी सवार धरम सिंह सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार लॉरी ने उसे टक्कर मार दी और वह लोरी के पहिए के नीचे चला गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बेलदा थाना पुलिस और बेलदा ट्रैफिक विभाग मौके पर पहुंचा। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, दुर्घटनाग्रस्त लोरी को जब्त कर लिया गया है तथा स्कूटी को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है।

सियालदह-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस की पहली व्यावसायिक यात्रा हुई शुरू

कोलकाता, समाज्ञा : भारतीय रेल के इतिहास में शनिवार को एक नया अध्याय जुड़ गया, जब सियालदह-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22587) ने सियालदह स्टेशन से अपनी पहली व्यावसायिक यात्रा का शुभारंभ किया। यह पहली बार है जब अमृत भारत श्रेणी की कोई ट्रेन सियालदह और बनारस, दो प्राचीन आध्यात्मिक व सांस्कृतिक केंद्रों को सीधे जोड़ रही है। अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह हाई-स्पीड ट्रेन दोनों सिरों पर इंजन की व्यवस्था के साथ चलाई जा रही है, जिससे यात्रियों को अधिक गति के साथ झटके-रहित और आरामदायक सफर का अनुभव मिलेगा। सियालदह-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन-शनिवार, सोमवार और बुधवार-को सियालदह से शाम 7:30 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन दुर्गापुर (21:19/21:21), आसनसोल (21:42/21:45), मधुपुर (22:35/22:37), जसीडीह (22:56/22:58), पटना जंक्शन (02:43/02:50) और पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (06:10/06:15) होते हुए अगली सुबह 7:20 बजे बनारस पहुंचेगी। वहीं, वापसी में बनारस-सियालदह अमृत भारत एक्सप्रेस (22588) शुक्रवार, रविवार और मंगलवार को रात 10:10 बजे बनारस से चलकर अगले दिन सुबह 9:55 बजे सियालदह पहुंचेगी। 18 कोचों वाली इस ट्रेन में 8 स्लीपर क्लास, 8 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 दिव्यांगजन अनुकूल कोच शामिल हैं। सियालदह में अमृत भारत एक्सप्रेस का आगमन लंबी दूरी की रेल यात्रा में सुविधा, गति और कनेक्टिविटी के एक नए युग की शुरुआत माना जा रहा है।

जगद्दल में युवक की पीट-पीटकर हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

कोलकाता, समाज्ञा : उत्तर 24 परगना जिले में जगद्दल थाना अंतर्गत 18 नंबर गली में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान इशाक अहमद के रूप में हुई है। शनिवार को पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, मामला दर्ज होते ही शुक्रवार की रात को विभिन्न इलाकों में एक साथ छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान तीन आरोपितों को हिरासत में लिया गया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों को शनिवार को अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की तह तक पहुंचने के लिए पुलिस रिमांड की मांग की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, मृतक इशाक अहमद

को कथित तौर पर लोहे की चोरी के शक में पकड़ा गया था, जिसके बाद करीब दस लोगों ने मिलकर उसकी पिटाई की थी। गंभीर रूप से घायल युवक की बाद में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और तकनीकी साक्ष्यों को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस ने भरोसा जताया है कि जल्द ही इस हत्याकांड में शामिल सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आसनसोल में मस्जिद जा रहे व्यवसायी पर बदमाशों ने बरसाई गोलियां, मौत

आसनसोल : हीरापुर थाना अंतर्गत बर्नपुर करीम डंगाल इलाके में शनिवार की सुबह अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने नमाज पढ़ने जा रहे एक ग्रील दुकानदार पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दुकानदार को आसनसोल जिला अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही मौके पर एसीपी इंशिता दत्ता के नेतृत्व में पहुंची हीरापुर थाना पुलिस ने घटनास्थल के साथ परिजनों से पूछताछ की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 5.30 बजे करीम डंगाल निवासी मोहम्मद सरफुद्दीन (35) स्थानीय मस्जिद में जमाज पढ़ने जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने सरफुद्दीन पर फायरिंग कर दी। गोली सरफुद्दीन को नहीं लगी, इस घटना में किसी कारणवश सरफुद्दीन के नाक में गंभीर चोट लग गई। यही नहीं, फायरिंग के बाद तेजी से अपराधी पिस्टल वहीं फेंककर फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों के साथ मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे तथा गंभीर रूप से घायल सरफुद्दीन को आसनसोल जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही एसएपी इंशिता दत्ता के नेतृत्व में सीआई अशोक अशोक सिंह महापात्र के साथ हीरापुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। पुलिस ने घटनास्थल से पिस्टल के साथ गोली का खोखा बरामद किया है। साथ ही, स्थानीय लोगों के साथ परिजनों से जानकारी जुटाने के साथ हत्यारों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

बंधन बैंक का कुल कारोबार 3 लाख करोड़ रुपये के पार, तीसरी तिमाही में 11% की वृद्धि

कोलकाता, समाज्ञा : बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा करते हुए मजबूत व्यावसायिक प्रदर्शन दर्ज किया है। बैंक का कुल कारोबार सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 3.02 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। इसी अवधि में बैंक का कुल जमा 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.57 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें खुदरा खंड की हिस्सेदारी 72 प्रतिशत रही। बैंक की कुल ऋण राशि भी लगभग 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 1.45 लाख करोड़ रुपये हो गई। चालू खाता और बचत खाता अनुपात 27.3 प्रतिशत रहा, जबकि पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.8 प्रतिशत पर मजबूत बना हुआ है, जो नियामकीय मानकों से काफी ऊपर है। बंधन बैंक वर्तमान में देश के 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 6,350 से अधिक बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से लगभग 3.25 करोड़ ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक में 74,500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। बंधन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा कि तीसरी तिमाही का प्रदर्शन बैंक के मजबूत बुनियादी ढांचे और निरंतर सुधार को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि चौथी तिमाही में डिजिटल पहलों को तेज़ किया जाएगा ताकि ग्राहक अनुभव, परिचालन दक्षता और विस्तार क्षमता को और बेहतर बनाया जा सके।

कोलकाता में गणतंत्र दिवस परेड 2026: सैन्य शक्ति और आत्मनिर्भर भारत की दिखेगी झलक

कोलकाता : कोलकाता में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड 2026 में भारत की सैन्य ताकत का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। यह परेड राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और तकनीकी उन्नति के प्रति देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगी। 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना को प्रतिबिंबित करते हुए परेड में भारतीय सेना की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से निपटने की परिचालन तैयारियों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

इस वर्ष की परेड का मुख्य आकर्षण नवगठित छठी भैरव बटालियन की भागीदारी होगी। यह

बटालियन भारतीय सेना के तेज, चुस्त और तकनीक-संचालित युद्धबल में परिवर्तन का प्रतीक है। उच्च गति और जटिल युद्ध परिस्थितियों में संचालन के लिए तैयार यह बटालियन पारंपरिक पैदल सेना और विशेष बलों के बीच की खाई को पाटने का कार्य करेगी। आधुनिक निगरानी, गतिशीलता और आक्रमण क्षमताओं से लैस यह दस्ता बहु-क्षेत्रीय और भविष्य के युद्ध की दिशा में सेना के विकसित दृष्टिकोण को दर्शाएगा।

परेड में स्वदेशी रूप से विकसित और उन्नत हथियार प्रणालियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा, जो रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति को दर्शाता है। उन्नत रॉकेट और वायु रक्षा प्रणालियां शत्रु ड्रोन सहित बदलते हवाई खतरों से निपटने की सशस्त्र बलों की क्षमता को प्रदर्शित करेंगी, जिससे भारत की बहुस्तरीय वायु रक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

उच्च गतिशीलता वाले और विशेष सैन्य प्लेटफॉर्म्स का प्रदर्शन सेना की विविध और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों-ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों से लेकर आपदा प्रभावित इलाकों-में संचालन की क्षमता को उजागर करेगा। यह बेहतर गतिशीलता, सुरक्षा, लॉजिस्टिक पहुंच और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को दर्शाएगा, जो युद्धक अभियानों के साथ-साथ मानवीय सहायता कार्यों में भी सहायक है। स्वदेशी रूप से विकसित एक उभयचर वाहन भूमि और जल दोनों क्षेत्रों में निर्बाध संचालन की भारत की बढ़ती क्षमता को रेखांकित करेगा।

अग्रिम मोर्चों की पैदल सेना और तोपखाना इकाइयों के मार्चिंग दलों के साथ भारतीय नौसेना, भारतीय वायुसेना और सैन्य बैंड के दस्ते परेड में अनुशासन, संयुक्तता और साहसिक भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन करेंगे, जो सशस्त्र बलों की राष्ट्रीय एकता और परिचालन समन्वय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

गणतंत्र दिवस परेड 2026 भारत के संप्रभुता की रक्षा के संकल्प को मजबूती, सटीकता और पूर्ण तैयारी के साथ पुनः स्थापित करेगी, साथ ही सशस्त्र बलों के तकनीक-संचालित, एकीकृत और भविष्य के लिए तैयार स्वरूप को प्रदर्शित करेगी, जो किसी भी समय, किसी भी स्थान पर चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है।

निपाह वायरस का खतरा : अलीपुर चिड़ियाघर में चमगादड़ों की आरटी-पीसीआर जांच

कोलकाता, समाज़ा : निपाह वायरस के संभावित खतरे को लेकर जारी चिंताओं के बीच कोलकाता के अलीपुर चिड़ियाघर में मौजूद चमगादड़ों की आरटी-पीसीआर जांच की गई। राज्य के वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की एक टीम ने चिड़ियाघर में मौजूद चमगादड़ों की आरटी-पीसीआर जांच के लिए गुरुवार और शुक्रवार को उनके नमूने एकत्र किए। अलीपुर चिड़ियाघर की निदेशक तृप्ति साह ने बताया कि टीम ने चमगादड़ों के नमूने एकत्र किए और चली गई। उसने इस प्रक्रिया के दौरान सभी प्रोटोकॉल का पालन किया। वन विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, नमूने एकत्र करने का काम सुबह 9 बजे आगंतुकों के लिए चिड़ियाघर के द्वार खुलने से पहले किया गया।

डोडा हादसे में जान गवांने वाले समीरन सिंह का पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया

झाड़ग्राम : जम्मू-कश्मीर के डोडा में वाहन के खाई में गिर जाने से मारे गए 10 सैन्य कर्मियों में से एक समीरन सिंह के पार्थिव शरीर को शनिवार को झाड़ग्राम जिले में उनके पैतृक स्थान संकराइल लाया गया और पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सेना के विशेष वाहन में फूलों से सजा ताबूत कुचलादरी गांव पहुंचा, तो हजारों लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्र हो गए। सिंह के पार्थिव शरीर को लेकर आने वाले सैनिकों में भारतीय सेना की 169वीं बटालियन की ब्रावो कंपनी के उनके साथी भी थे। सिंह के पार्थिव शरीर को उनके आवास के सामने रखे जाने के बाद परिवार के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर गोपीबल्लवपुर विधायक खगेंद्रनाथ महतो और जिला परिषद के कर्माध्यक्ष कमल कुमार राउत मौजूद थे। श्रद्धांजलि देने के दौरान पूरा वातावरण 'वंदे मातरम' और 'समीरन सिंह अमर रहे' के नारों से गूंज रहा था। उनके पार्थिव शरीर को श्मशान घाट की ओर ले जाया जा रहा था तब उनके पीछे हजारों शोक संतप्त लोग नम आंखों से उनके सम्मान में नारे लगाते हुए चल रहे थे। श्मशान घाट पर सिंह को औपचारिक सलामी दी गई और पूरे सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया।

देव के बाद मिमी! एसआईआर सुनवाई में तृणमूल की पूर्व सांसद व टॉलीवुड अभिनेत्री को नोटिस

कोलकाता : विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत अब तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद और टॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती को भी सुनवाई के लिए बुलाया गया है। उन्हें आगामी 31 जनवरी को निर्धारित सुनवाई में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। एसआईआर नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए मिमी चक्रवर्ती ने कहा, हां, मुझे एसआईआर का नोटिस मिला है। मैं 31 जनवरी को निश्चित रूप से उपस्थित रहूंगी। मेरा विधानसभा क्षेत्र कसबा है और मैं वहीं मतदान करती हूं। संभवतः वहीं मुझे सुनवाई के लिए जाना होगा। नोटिस में जिन दस्तावेजों को लाने के लिए कहा गया है, वही सभी दस्तावेज लेकर मैं जाऊंगी। गौरतलब है कि इससे पहले अभिनेता और सांसद देव को भी एसआईआर प्रक्रिया के तहत नोटिस भेजा गया था। अब मिमी चक्रवर्ती को बुलाए जाने से यह मामला और चर्चा में आ गया है। एसआईआर के तहत लगातार जनप्रतिनिधियों और चर्चित हस्तियों को नोटिस मिलने से राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।

एसआईआर :मालदह में सुनवाई के दौरान बीएलओ पर हमला, शिकायत दर्ज

मालदह : जिले में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया के दौरान हिंसा की घटना सामने आई है। चांचल थाना अंतर्गत खरबा ग्राम पंचायत स्थित बूथ नंबर 193 पर ड्यूटी पर तैनात बीएलओ अनीसुर रहमान पर शनिवार को कथित तौर पर हमला किया गया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। आरोप है कि सुनवाई नोटिस को लेकर हुए विवाद के दौरान कुछ लोगों ने बीएलओ का कॉलर पकड़कर उनके साथ मारपीट की। बीएलओ को बचाने पहुंचे उनके भांजे नूरुल इस्लाम के सिर पर ईंट से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को चांचल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएलओ के अनुसार, संबंधित परिवार उस क्षेत्र का निवासी नहीं था, इसलिए तत्काल नोटिस देना संभव नहीं था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। घटना के बाद बीएलओ की शिकायत पर चांचल थाने में कांग्रेस की पूर्व पंचायत सदस्य साजिदा बेगम, उनके भाई रबीउल इस्लाम, पति हुसैन अली और मेंहदी हुसैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और इलाके में स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

यात्री के ट्रेन के सामने कूदने से कोलकाता मेट्रो रेल सेवाएं हुई प्रभावित

कोलकाता, समाज़ा : कोलकाता में रवींद्र सदन मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने के प्रयास के कारण मेट्रो रेलवे की ब्लू लाइन में सामान्य सेवाएं 25 मिनट के लिए बाधित हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना लगभग रात 9.30 बजे हुई और यात्रियों को ट्रेन से उतरने के लिए कहा गया। डाउन लाइन में मैदान तक और अप लाइन में महानायक उत्तम कुमार तक ट्रेन नियंत्रित तरीके से चलती रहीं। मेट्रो रेल ने एक बयान में कहा कि दक्षिणेश्वर से न्यू गारिया तक चलने वाली ब्लू लाइन के पूरे मार्ग पर सामान्य सेवाएं रात 9.59 बजे फिर से शुरू हो गईं।

बागदा में सरस्वती पूजा घूमने निकले युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, एक घायल

कोलकाता, समाज़ा : उत्तर 24 परगना जिला के बागदा में मोटरसाइकिल पर सवार होकर सरस्वती पूजा घूमने निकले दो युवक दुर्घटना का शिकार हो गए। इनमें से एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अजय कीर्तनिया के रूप में की गई है, जबकि घायल का नाम सुजन हालदार है। दोनों बागदा के हेलेंचा ग्राम पंचायत के कृष्णचंद्रपुर के निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को अजय कीर्तनिया और सुजन हालदार नाम के दो युवक सरस्वती पूजा के मौके पर मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकले थे। पता चला है कि रात करीब 9 बजे बागदा के मामाभगिना से प्रोग्राम देखकर लौटते समय दोनों युवकों का एक्सीडेंट हो गया। बागदा के काटाखाली इलाके में एक टोटो ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी और दोनों वहीं गिर गए। उन्हें गंभीर हालत में बागदा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अजय कीर्तनिया को मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर, एक अन्य युवक सुजन हालदार का अभी गंभीर हालत में बनगांव उपजिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बंगाल केमिकल के सामने लॉरी की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

कोलकाता, समाज़ा : बंगाल केमिकल के सामने शुक्रवार की रात एक लॉरी की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान संजय दास (42) के तौर पर हुई है। वह मानिकतला थाना अंतर्गत कैनाल साउथ रोड पर नेताजीनगर कॉलोनी का निवासी था। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, रात को वह अपने जीजा के साथ मोटरसाइकिल से लेकटाउन से ईएम बाईपास होते हुए बेलेघाटा की ओर जा रहा था। संजय दास बाइक की पिछली सीट पर था। चश्मदीदों के मुताबिक, उल्टाडांगा ब्रिज से उतरने के बाद बंगाल केमिकल के सामने पहुंचते ही एक तेज रफ़्तार लॉरी ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। ज़ोरदार टक्कर लगने से दोनों बाइक से उछलकर गिर गए। वे मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों का दावा है कि हादसे के समय बाइक पर सवार दोनों लोगों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। दोनों को खून से लथपथ हालत में बिधाननगर स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने संजय दास को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि उनके दामाद का इलाज चल रहा है। इधर, घटना के बाद आरोपी लॉरी ड्राइवर अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। वे आस-पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच करके लॉरी का लाइसेंस प्लेट नंबर और दिशा का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

एसआईआर : सुनवाई केंद्र में तोड़फोड़ मामले पर तृणमूल विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

समय-सीमा से 48 घंटे बाद हुई कार्रवाई

मुर्शिदाबाद : जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े दावे-आपत्तियों की सुनवाई के दौरान हुई हिंसा के मामले में केंद्रीय चुनाव आयोग (ईसीआई) की सख्त चेतावनी के बाद आखिरकार फरक्का विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विधायक मनीरुल इस्लाम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई। जिला मजिस्ट्रेट, जो जिला निर्वाचन अधिकारी भी हैं, ने शनिवार की दोपहर यह एफआईआर दर्ज कराई। हालांकि, यह कार्रवाई चुनाव आयोग द्वारा तय की गई समय-सीमा से करीब 48 घंटे की देरी से हुई। आयोग ने मुर्शिदाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी को गुरुवार की शाम 5 बजे तक मनीरुल इस्लाम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आयोग को सूचित करने का निर्देश दिया था। समय पर कार्रवाई नहीं होने पर आयोग ने नाराजगी जताई, जिसके बाद शनिवार को एफआईआर दर्ज की गई। इस पर, प्रतिक्रिया देते हुए मनीरुल इस्लाम ने कहा कि यदि आम लोगों की आवाज उठाने के कारण उन्हें जेल जाना पड़ा तो वे इसका स्वागत करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग एक जैसे हो गए हैं और आयोग केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी का विस्तार बनकर काम कर रहा है।

कोलकाता पुलिस ने फर्जी नौकरी गिरोह का किया भंडाफोड़, 32 लाख की ठगी के आरोप में एक गिरफ्तार

कोलकाता, समाज़ा : कोलकाता पुलिस ने फर्जी नौकरी दिलाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) में नौकरी दिलाने का झांसा देकर तीन युवकों से 32 लाख रुपये ठगने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपित खुद को केंद्र सरकार का अधिकारी बताकर कोलकाता के तीन लोगों, दो युवक और एक युवती से संपर्क में आया था। उसने दावा किया कि उसके केंद्रीय मंत्रियों से भी संपर्क हैं और इसी भरोसे पर उसने आईओसी में नौकरी दिलाने का वादा किया। यह मामला सामने आने के बाद दक्षिण कोलकाता के पाटुली थाने की पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान शुक्रवार की रात आरोपित

को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम कृष्णेंदु चटर्जी है। पुलिस ने बताया कि आरोपित की मुलाकात पाटुली के एक बाजार में पीड़ितों से हुई थी। उसने उन्हें फर्जी पहचान पत्र भी दिखाए और लगातार संपर्क बनाए रखा। नौकरी दिलाने के नाम पर उसने कुल 32 लाख रुपये वसूले, जिनमें से 22 लाख रुपये ऑनलाइन और 10 लाख रुपये नकद लिए गए। पीड़ितों ने यह रकम अपने और अपने परिवार के सदस्यों के गहने गिरवी रखकर जुटाई थी। पैसे लेने के बाद आरोपित ने उनसे संपर्क तोड़ लिया, जिसके बाद पीड़ितों ने पाटुली थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि आरोपित के कोलकाता के लेकटाउन, बागुईआटी और पाटुली सहित कई इलाकों में पते थे। पुलिस को उसके पास से पांच अलग-अलग आधार कार्ड भी मिले हैं। जांच में पता चला कि वह हर बार नया घर किराये पर लेने पर नया आधार कार्ड बनवा लेता था। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आरोपित ने फर्जी आधार कार्ड कैसे बनवाए और इस मामले में कोई और व्यक्ति शामिल है या नहीं। जांच जारी है।

रोजगार मेला: केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने कोलकाता में नियुक्ति पत्र वितरित किए

कोलकाता, समाज़ा : केंद्र सरकार के मिशन मोड भर्ती अभियान के तहत 18वां रोजगार मेला शनिवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 74वीं बटालियन मुख्यालय, डिगबेरिया, मध्यमग्राम (उत्तर 24 परगना) में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने 25 नव -नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। रोजगार मेले में कुल 100 अभ्यर्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। इनमें से 25 नियुक्ति पत्र केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा प्रदान किए गए, जबकि शेष 75 नियुक्ति पत्र कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वितरित किए गए।

नव-नियुक्त अभ्यर्थी विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों से संबंधित हैं, जिनमें बीएसएफ, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और बॉर्डर ऑर्गनाइजेशन ब्रांच शामिल हैं। इस अवसर पर बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के महानिरीक्षक भूपेंद्र सिंह तथा उप महानिरीक्षक मंजिंदर सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने नव-नियुक्त कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के रोजगार मेला आयोजन से भी जुड़ा रहा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार मेला अब एक सशक्त संस्थान का रूप ले चुका है और इसके माध्यम से देशभर में लाखों युवाओं को सरकारी सेवाओं में अवसर मिला है।

कार्यक्रम स्थल से 100 नियुक्ति पत्रों के वितरण के अतिरिक्त, 2,815 नियुक्ति पत्र ई-मेल और स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे गए। इस प्रकार डिगबेरिया केंद्र से कुल 2,915 नियुक्ति पत्र जारी किए गए। उल्लेखनीय है कि रोजगार मेला भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में तेज़ी से भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। 18वां रोज़गार मेला देशभर के 45 स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया।

एसआईआर में जल्दबाजी, लोकतांत्रिक भागीदारी को हो सकता है खतरा : अमर्त्य सेन

कोलकाता, समाज़ा : अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कहा कि यह कवायद 'अनावश्यक जल्दबाजी' में की जा रही है तथा कुछ ही महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह लोकतांत्रिक भागीदारी को खतरे में डाल सकती है। सेन ने बोस्टन से एक साक्षात्कार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लोकतांत्रिक महत्व पर विचार करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया तभी मताधिकारों को मजबूत कर सकती है, जब इसे सावधानी के साथ और पर्याप्त समय लेकर अंजाम दिया जाए। उनके अनुसार, बंगाल के मामले में ये दोनों शर्तें 'नदारद' हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण अगर सावधानी से और पर्याप्त समय लेकर किया जाए तो यह एक अच्छी लोकतांत्रिक प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन इस

समय पश्चिम बंगाल में ऐसा नहीं हो रहा है। सेन ने कहा कि एसआईआर की कवायद जल्दबाजी में की जा रही है और मताधिकार रखने वाले लोगों को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने अधिकार को साबित करने हेतु आवश्यक दस्तावेज जमा करने का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहा है। यह न सिर्फ मतदाताओं के साथ अन्याय है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के साथ भी अनुचित है।

अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल में सरस्वती पूजा एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती श्रद्धाभाव से मनाई गई

हावड़ा, समाज़ा : अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल परिसर में शुक्रवार को सरस्वती पूजा एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती निष्ठा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शासी परिषद सदस्य बजरंग लाल अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, शिक्षाहित सदस्य नवीन टीकमानी, अध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव, अग्रसेन बालिका सदन के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षकगण, विद्यालय की प्रधानाचार्या अबीरा दास, उप-प्रधानाचार्या, सह-पाठ्यक्रम उप-प्रधानाचार्या, वित्तीय एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण तथा माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं प्रधानाचार्या द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर

माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। सरस्वती पूजा का शुभारंभ प्रातः प्रधानाचार्या अबीरा दास, कक्षा बारहवीं के छात्र संदीप आनंद सिंह एवं अग्रसेन परिवार की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण, गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हवन-आरती और पुष्पांजलि के साथ हुआ।

विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर शासी परिषद सदस्यों, शिक्षा हित सदस्यों, अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्या द्वारा वार्षिक विद्यालय पत्रिका 'अग्रसर' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को माँ शारदे का प्रसाद वितरित किया गया तथा सभी ने भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया।

सोशल मीडिया लिंक से साइबर ठगी का खेल, महेशतला से 5 आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता, समाज़ा : कोलकाता साइबर पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्रॉड गिरोह का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, उनके पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन, राउटर और कई आपत्तिजनक स्क्रीनशॉट बरामद किए हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि कोलकाता साइबर थाने में 19 दिसंबर 2025 को केस दर्ज किया गया था। मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और पुख्ता खुफिया सूचना मिलने के बाद साइबर पुलिस ने शनिवार को महेशतला थाना क्षेत्र में एक अहम छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें अभिमन्यु कुमार उर्फ राजा कुमार (22), सेजेन फिलिप्स (22), मोहम्मद समर (20), नीरज कुमार (28) और मोहम्मद इमरान (19) शामिल हैं।

नारायणगढ़ में 'उन्नयनेर पांचाली' का पाठ करते समय तृणमूल विधायक के खिलाफ लगे 'चोर-चोर' के नारे

पश्चिम मेदिनीपुर : जिले के नारायणगढ़ प्रखंड अंतर्गत कसबा इलाके में शनिवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के भीतर की अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई। 'उन्नयनेर पांचाली' यानी विकास की गाथा कार्यक्रम के तहत क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे विधायक सूर्यकांत अट्ट को अपने ही पार्टी के कार्यकर्ताओं के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा। हालात इतने बिगड़ गए कि कार्यकर्ताओं ने विधायक के खिलाफ 'चोर-चोर' और 'गो बैक' के नारे लगाए, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों की मदद से उन्हें मौके से निकलना पड़ा। स्थानीय युवा तृणमूल कांग्रेस नेता शेख बापी ने विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक ने ग्राम पंचायत और

पार्टी कार्यकर्ताओं का अपमान किया है। उनका आरोप है कि विधायक ने पंचायत की तुलना गोशाला से और कार्यकर्ताओं की तुलना मवेशियों से की। शेख बापी ने कहा कि विधायक बनने के बाद सूर्यकांत अट्ट कभी क्षेत्र में नहीं आए और अब जब वे आए, तो कार्यकर्ताओं ने उनसे सवाल किया कि यदि उन्हें जानवर समझा जाता है, तो आज उनकी आवश्यकता क्यों पड़ी। कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व से मांग की है कि वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में उन्हें दोबारा टिकट न दिया जाए। विरोध प्रदर्शन और नारों के बीच सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह विधायक को वाहन में बैठाया और वहां से रवाना किया। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक सूर्यकांत अट्ट ने सभी आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कुछ लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और उन्हें अपमानित करने का प्रयास किया गया। विधायक का दावा है कि इसमें पार्टी का कोई कार्यकर्ता शामिल नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ऐसे लोग, जो अवैध तरीके से धन नहीं कमा पा रहे हैं, वही अपनी नाराजगी उन पर निकाल रहे हैं।

बड़ाबाजार में नेताजी सुभाषचंद्र बोस का 129वां जन्मदिवस भव्य सामाजिक सेवा के साथ मनाया गया

कोलकाता, समाज़ा : नेताजी सुभाषचंद्र बोस का 129वां जन्मदिवस स्थानीय सत्यनारायण पार्क (नेताजी मूर्ति क्षेत्र), बड़ाबाजार के निकट भव्य रूप से मनाया गया। यह आयोजन नेतृत्वद्वय अनिल खरवार एवं डॉ. देवेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में नर्मान्स एवं कलकत्ता यूथ संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद विजय ओझा द्वारा रक्तदान शिविर के उद्घाटन तथा डॉ. उमेश कुमार राठी (हिन्द रत्न गोल्ड मेडलिस्ट) द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें लक्ष्मीकांत तिवारी (धर्मानुरागी), मीना देवी पुरोहित, तमोघ्न घोष, किशन झंवर, पार्थो चौधरी, विजय मारू, पूर्णिमा चक्रवर्ती, सधांश शेखर, राजेन्द्र राय, शेखर सोनकर, शिव शारडा, बाबूलाल मोहता, कन्हाई जयसवारा, चित्तंजन दे, कुमारी प्रीति सेठिया, धर्मेंद्र साव, कमलजीत पाण्डेय, यसवंत सिंह, श्रीकमल सोनकर, हरिकेष सिंह (गुड्डन), प्रमोद सिंह, विनय कुंवर, संतोष कुमार शुक्ला, अनुप सिंह, राकेश सिंह, राज् जोशी, महेन्द्र शर्मा, सुभाष चन्द्र गुप्ता, मुकुन्द दुवे, मनीष पाण्डे, चम्पा पहाड़िया, रूपा कुण्डू, प्रेम कुण्डद, वंदना कुण्द, रूबी बनर्जी, सरज सिंह, धर्मेनद्र साव, रंजीत कुमार ठाकुर, मंट्र सिंह, सनील सोनकर, कमलजीत पाण्डेय, आकाश मिश्रा, पन्नालाल

खरवार उपस्थित रहे। आयोजन के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर में 150 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच लगभग 2000 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय सिंह, हरि प्रकाश यादव, विजय खरवार, जोखन सिंह, मो. सोन, सोन चौरसिया, मनोज सरावगी, स्धांशु शुक्ला, रोशनलाल हलवाई, विजय मिश्रा, शशांक खरवार, राजन मिश्रा, राज गौड़, मनोज खरवार, राजेश राजभर, संतोष खरवार, जटाभुषण राय, राजन मिश्रा, अभिषेक खखवार, ऋषभ खरवार, रामसमुझ विश्वकर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, सर्वेश पाठक, विक्की यादव, छोटू प्रसाद एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

भगवान की हर लीला हमारे लिए महत्वपूर्ण संदेश : पं. मालीरामजी शास्त्री

❑ बंगेश्वर महादेव नया मंदिर बांधाघाट में श्रीमद् भागवत् कथा का पाचवां दिन

कोलकाता, समाज़ा : 'भगवान की हर एक लीला हमें महत्वपूर्ण संदेश देती है। माता यशोदा जब भगवान श्रीकृष्ण को बांधना चाहती हैं और नहीं बांध पाती तब हार मान लेती है। ठीक उसी तरह कोई भी हारा हुआ व्यक्ति अगर भगवान की शरण में चला जाए तो भगवान उसे स्वीकार कर लेते हैं। यह उद्गार सलकिया बांधाघाट स्थित बंगेश्वर महादेव नया मंदिर में माघ मास के उपलक्ष्य में सरोज-दिलीप चौधरी (अनमोल ग्रुप) के यजमानत्व और महेश कुमार शर्मा (नेचुरल ग्रुप) के संरक्षण में आयोजित सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ के पाचवें दिन की कथा सुनाते हुए भागवत मर्मज्ञ पं. श्री मालीरामजी

शास्त्री ने व्यक्त किये। पं. शास्त्री ने कहा कि भगवान से जुड़ने की जरूरत है। जो भगवान से स्वयं को जोड़ लेता है भगवान उसका हर पल साथ निभाते हैं। सच्चे मन से ईश्वर की वंदना की जाए वही ईश्वर के साथ बंधन कहलाता है। कहने का अभिप्राय यह है कि ईश्वर से जुड़ने के बाद ईश्वर हमेशा हमारी रक्षा के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए यमुना में कालिया नाग के उद्धार और गोप कन्याओं पर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा की कथा भी सुनाई।

पं. शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की गौ भक्ति पर चर्चा करते हुए कहा कि अब शायद समय आ गया है कि भगवान श्री कृष्ण पुनः इस धरा पर अवतरित हों और पुनः गौपालन और गौ-संरक्षण का दायित्व संभाले। गाय को मां की संज्ञा दी गई है। लेकिन दुर्भाग्य देखिए कि जिसे मां कहा जाता है, जिसमें सभी देवी-देवताओं का वास है, जो विश्व-वंदनीय है, आज उसी का अस्तित्व संकट में है। धड़ल्ले से गो-वध जारी है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण को गायों से बड़ा प्रेम था और इसलिए उनका एक नाम गोपाल भी था। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुरेश कुमार भुवालका ने बताया कि कथा के 6वें दिन 25 जनवरी (रविवार) को कथा प्रसंग के अनुसार रुक्मिणी विवाहोत्सव श्री शशिकांत-बबीता पोद्दार यजमानत्व में मनाया जायेगा और इस अवसर पर राज्य के माननीय मंत्री अरूप राय, उत्तर हावड़ा के विधायक गौतम चौधरी, समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहेंगे।

चुनौतियों के चौराहे पर खड़ा चौकस गणतंत्र

गणतंत्र दिवस विशेष:

युवा, महिला और सर्वहितकारी राजनीतिक इच्छा ही ले जाएगी गणतंत्र के सातवें आसमान पर

डॉ घनश्याम बादल

भारत का गणतंत्र आज अपने 75 वर्ष से अधिक के सफर में एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ यदि उपलब्धियों के साथ चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं।

स्वाधीनता के अमृतकाल के बाद गणतंत्र भारत भी अब अमृतकाल पूर्ण करके 76 में वर्ष के साथ इस परिधि से भी आगे निकल चुका है। भले ही आज भारत को लोकतंत्र एवं गणतंत्र की एक आदर्श मिसाल के रूप में प्रस्तुत किया जाता हो लेकिन याद यह भी रहना चाहिए कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का गौरव अब केवल संवैधानिक उपाधि भर नहीं, बल्कि यह एक सतत एवं खुद को साबित करने की कड़ी परीक्षा है। राजनीतिक,आर्थिक, सामाजिक और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच अपने मूल लोकतांत्रिक चरित्र को बचाए रखने की परीक्षा सामने है।

इस समूचे परिदृश्य में युवा और महिला वर्ग न केवल सबसे बड़े हितधारक हैं, बल्कि सबसे अधिक प्रभावित भी वही हैं। ।

जहां भारतीय गणतंत्र के सिर पर उपलब्धियों का चमकदार ताज है वहीं उसके सामने अनगिनत और बड़ी-बड़ी चुनौतियां भी खड़ी हैं। इस गणतंत्र दिवस पर समीचीन होगा कि खुले मन से इन पर चिंतन किया जाए।

राजनीतिक चुनौतियाँ :
लोकतंत्र बनाम सत्ता का केंद्रीकरण:

वर्तमान परिदृश्य में भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी चुनौती सत्ता के बढ़ते केंद्रीकरण और संस्थागत आदर्शों के क्षरण से जुड़ी है। संसद, न्यायपालिका, चुनाव आयोग और मीडिया जैसे स्तंभ लोकतंत्र की रीढ़ माने जाते हैं, परंतु उन पर बढ़ते राजनीतिक दबावों की चर्चा अब केवल विपक्ष तक सीमित नहीं है। जैन जी के वर्चस्व के दौर में आज बहुत संभल कर चलने की जरूरत है।

पुरानी पीढ़ी के अनुभव एवं उनकी सोच के चलते युवाओं के लिए राजनीति में भागीदारी के अवसर सीमित होते जा रहे हैं। छात्र राजनीति का क्षरण, असहमति के प्रति असहिष्णुता और आलोचनात्मक आवाज़ों पर संदेह की दृष्टि युवा चेतना को हतोत्साहित करते हैं। वहीं महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी अब भी प्रतीकात्मक अधिक और निर्णायक कम बनी हुई है।

इस प्रवृत्ति का प्रभाव यह पड़ रहा है कि लोकतंत्र में नई पीढ़ी की भागीदारी घटने से राजनीतिक नेतृत्व का भविष्य संकुचित होता दिखाई दे रहा है और निर्णय प्रक्रिया समाज की वास्तविक विविधता को प्रतिबिंबित नहीं कर पा रही है। आज देश के सामने यह एक बड़ी चुनौती है और यदि चुनौती है तो इसका समाधान भी हमें ढूंढना होगा। समाधान के रूप में युवा नेतृत्व को बढ़ावा, महिला आरक्षण जैसे सुधारों का वास्तविक क्रियान्वयन और लोकतांत्रिक संवाद की पुनर्स्थापना अनिवार्य है।

आर्थिक चुनौतियाँ :
विकास बनाम विषमता

भारत आज विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, परंतु यह प्रगति सभी तक समान रूप से नहीं पहुँच पा रही है। सबसे बड़ा दबाव युवा वर्ग पर है जो शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी स्थायी रोजगार से दूर है। प्रतियोगी परी-क्षाओं का अनिश्चित भविष्य, निजी क्षेत्र में अस्थिरता और गिग इकॉनमी की असुरक्षा युवाओं को मानसिक और सामाजिक तनाव में डाल रही है।

महिलाओं की स्थिति तो और भी जटिल है। कार्यबल में महिला भागीदारी का लगातार कम होना इस बात का संकेत है कि आर्थिक विकास सामाजिक समानता के साथ नहीं चल पा रहा। असमान वेतन, कार्यस्थल पर असुरक्षा और घरेलू जिम्मेदारियों का बोझ महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता में बाधा बनता जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप यदि युवा और महिलाएँ आर्थिक रूप से सशक्त नहीं होंगे, तो जनसांख्यिकीय लाभांश बोझ में बदल सकता है और सामाजिक असंतोष भी बढ़ेगा। इस चुनौती से निपटने के लिए रोज़गार-उन्मुख शिक्षा, स्टार्टअप्स में महिलाओं की भागीदारी, सुरक्षित कार्यस्थल और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विस्तार आवश्यक है।

सामाजिक चुनौतियाँ :
पहचान, असुरक्षा और भविष्य की चिंता

भारतीय समाज की विविधता उसकी ताकत रही है, लेकिन हाल के वर्षों में यह विविधता ध्रुवीकरण का कारण भी बनी है। इसका सबसे गहरा असर युवाओं पर पड़ रहा है, जिनकी पहचान अब विचारों से अधिक पहचान-आधारित खाँचों में बाँटी जा रही है।

सोशल मीडिया युवाओं के लिए अभिव्यक्ति का मंच है, लेकिन साथ ही यह भ्रम, आक्रोश और नफ़रत का माध्यम भी बन चुका है। महिलाओं के लिए डिजिटल स्पेस भी सुरक्षित नहीं रह गया है ऑनलाइन उत्पीड़न, डिजिटल अरेस्ट, ट्रोलिंग और चरित्र हनन नई सामाजिक चुनौती बन गए हैं। फलस्वरूप सामाजिक असुरक्षा बढ़ने पर आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक सहभागिता कमजोर होती जा रही है, जो किसी भी गणतंत्र के लिए घातक है। इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए डिजिटल साक्षरता, सख्त साइबर कानूनों का क्रियान्वयन और सामाजिक संवेदनशीलता आधारित शिक्षा समय की मांग है।

अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य :
अवसर और दबाव

आज की जटिल वैश्विक अस्थिरता का सीधा असर भारतीय युवाओं और महिलाओं पर भी पड़ रहा है । चाहे वह विदेश में शिक्षा और रोजगार के अवसर हों या वैश्विक आर्थिक मंदी का घरेलू असर। तकनीकी बदलावों ने नए अवसर दिए हैं, लेकिन स्किल गैप ने युवाओं के सामने नई चुनौती खड़ी की है। महिलाओं के लिए वैश्विक मंच पर भारत की छवि तब तक सशक्त नहीं हो सकती, जब तक देश के भीतर लैंगिक समानता व्यवहार में न उतरे। वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल विकास, महिला शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश ही भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी मजबूत कर सकता है।

भारतीय गणतंत्र की दशा और दिशा:
युवा-महिला केंद्रित भविष्य

भारतीय गणतंत्र का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि वह अपनी सबसे बड़ी आबादी,युवाओं और महिलाओं, को कितनी भागीदारी, सुरक्षा और अवसर देता है। यदि यह वर्ग हताश होगा, तो गणतंत्र औपचारिक रह जाएगा; यदि यह सशक्त होगा, तो लोकतंत्र जीवंत रहेगा। साथी साथ चुनौतियों के साथ-साथ एक चेतावनी भी इन दोनों गणतंत्र की हवा में साफ महसूसी जा सकती है यदि जैन जी की आकांक्षाएं पूरी नहीं होती हैं तो फिर नेपाल ईरान या बांग्लादेश जैसे हालात भी उत्पन्न हो सकते हैं।

अस्तु,भारतीय गणतंत्र आज ऐसे मोड़ पर है जहाँ चुनौतियाँ ही चुनौतियां हैं । इन चुनौतियों का सामना करने के लिए ज़रूरत है सर्वहितकारी राजनीतिक इच्छाशक्ति, सामाजिक संवेदनशीलता और नागरिक सहभागिता की। युवा ऊर्जा और महिला सशक्तिकरण को यदि गणतंत्र की धुरी बनाया जाए, तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा और लोकतंत्र सबसे सशक्त लोकतंत्र बनकर उभरेगा इसमें संशय नहीं।

अमौसा के मेला

स्व. कैलाश गौतम

भक्ति के रंग में रंगल गाँव देखा,
धरम में, करम में, सनल गाँव देखा।
अगल में, बगल में सगल गाँव देखा,
अमौसा नहाये चलल गाँव देखा।

एहू हाथे झोरा, ओहू हाथे झोरा,
कान्ही पर बोरा, कपारे पर बोरा।
कमरी में केहू, कथरी में केहू,
रजाई में केहू, दुलाई में केहू।

आजी रँगावत रही गोड़ देखऽ,
हँसत हँउवे बब्बा, तनी जोड़ देखऽ।
घुंघटवे से पूछे पतोहिया कि, अईया,
गठरिया में अब का रखाई बतईहा।

एहर हउवे लुग्गा, ओहर हउवे पूड़ी,
रामायण का लग्गे ह मँड़ुआ के डूढ़ी।
चाउर आ चिउरा किनारे के ओरी,
नयका चपलवा अचारे का ओरी।
अमौसा के मेला, अमौसा के मेला।

(इस गठरी और इस व्यवस्था के साथ गाँव का आदमी जब गाँव के बाहर रेलवे स्टेशन पर आता है तब क्या स्थिति होती है ?)

मचल हउवे हल्ला, चढ़ावऽ उतारऽ,
खचाखच भरल रेलगाड़ी निहारऽ।
एहर गुर्री-गुर्रा, ओहर लुर्री-लुर्रा,
आ बीचे में हउव शराफत से बोलऽ

चपायल ह केहू, दबायल ह केहू,
घंटन से उपर टँगायल ह केहू।
केहू हक्का-बक्का, केहू लाल-पियर,
केहू फनफनात हउवे जीरा के नियर।

बप्पा रे बप्पा, आ दईया रे दईया,
तनी हम्मे आगे बढ़े देतऽ भईया।
मगर केहू दर से टसकले ना टसके,
टसकले ना टसके, मसकले ना मसके,

छिड़ल ह हिताई-मिताई के चरचा,
पढ़ाई-लिखाई-कमाई के चरचा।
दरोगा के बदली करावत हौ केहू,
लग्गी से पानी पियावत हौ केहू।
अमौसा के मेला, अमौसा के मेला।

(इसी भीड़ में गाँव का एक नया जोड़ा, साल भर के अन्दरे के मामला है, वो भी आया हुआ है। उसकी गती से उसकी अवस्था की जानकारी हो जाती है बाकी आप आगे देखिये)

गुलब्बन के दुलहिन चलै धीरे धीरे
भरल नाव जइसे नदी तीरे तीरे।
सजल देहि जइसे हो गवने के डोली,
हँसी हौ बताशा शहद हउवे बोली।

देखैली ठोकर बचावेली धक्का,
मने मन छोहारा, मने मन मुनक्का।
फुटेहरा नियरा मुस्किया मुस्किया के
निहारे ली मेला चिहा के चिहा के।

सबै देवी देवता मनावत चलेली,
नरियर प नरियर चढ़ावत चलेली।
किनारे से देखैं, इशारे से बोलैं
कहीं गाँठ जोड़ें कहीं गाँठ खोलैं।

बड़े मन से मन्दिर में दर्शन करेली
आ दुधै से शिवजी के अरघा भरेली।
चढ़ावें चढ़ावा आ कोठर शिवाला
छूवल चाहें पिण्डी लटक नाहीं जाला।
अमौसा के मेला, अमौसा के मेला।

(इसी भीड़ में गाँव की दो लड़कियां, शादी वादी हो जाती है, बाल बच्चेदार हो जाती हैं, लगभग दस बारह बरसों के बाद मिलती हैं। वो आपस में क्या बतियाती हैं)

एही में चम्पा-चमेली भेंटइली।
बचपन के दुनो सहेली भेंटइली।
ई आपन सुनावें, ऊ आपन सुनावें,
दुनो आपन गहना-गजेला गिनावें।

असो का बनवलू, असो का गढ़वलू
तू जीजा क फोटो ना अबतक पठवलू।
ना ई उन्हें रोकैं ना ऊ इन्हें टोकैं,
दुनो अपना दुलहा के तारीफ झोंकैं।

हमैं अपना सासु के पुतरी तूं जानऽ
हमैं ससुरजी के पगड़ी तूं जानऽ।
शहरियो में पक्की देहतियो में पक्की
चलत हउवे टेम्पू, चलत हउवे चक्की।

मने मन जरै आ गड़ै लगली दुन्नो
भया तू तू मैं मैं, लड़ै लगली दुन्नो।
साधु छुड़ावैं सिपाही छुड़ावैं
हलवाई जइसे कड़ाही छुड़ावै।

अमौसा के मेला, अमौसा के मेला।

(कभी-कभी बड़ी-बड़ी दुर्घटनायें हो जाती हैं। दो तीन घटनाओं में मैं खुद शामिल रहा, चाहे वो हरिद्वार का कुंभ हो, चाहे वो नासिक का कुंभ रहा हो। सन 54 के कुंभ में इलाहाबाद में ही कई हजार लोग मरे। मैंने कई छोटी-छोटी घटनाओं को पकड़ा। जहाँ जिन्दगी है, मौत नहीं है। हँसी है दुख नहीं है।)

करौता के माई के झोरा हेराइल
बुद्धू के बड़का कटोरा हेराइल।
टिकुलिया के माई टिकुलिया के जोहै
बिजुरिया के माई बिजुरिया के जोहै।

मचल हउवै हल्ला त सगरो ढुढ़ाई
चबैला के बाबू चबैला के माई।
गुलबिया सभत्तर निहारत चलेले
मुरहुआ मुरहुआ पुकारत चलेले।

छोटकी बिटउआ के मारत चलेले
बिटिइउवे प गुस्सा उतारत चलेले।
गोबरधन के सरहज किनारे भेंटइली।
(बड़े मीठे रिश्ते मिलते हैं।)
गोबरधन के सरहज किनारे भेंटइली।
गोबरधन का संगे पँउड़ के नहइली।
घरे चलतऽ पाहुन दही गुड़ खिआइब।
भतीजा भयल हौ भतीजा देखाइब।

उहैं फेंक गठरी, परइले गोबरधन,
ना फिर फिर देखइले धरइले गोबरधन।
अमौसा के मेला, अमौसा के मेला।
(अन्तिम पंक्तियाँ हैं। परिवार का मुखिया पूरे परिवार को कइसे लेकर के आता है यह दर्द वही जानता है। जाड़े के दिन होते हैं। आलू बेच कर आया है कि गुड़ बेच कर आया है। धान बेच कर आया है, कि कर्ज लेकर आया है। मेला से वापस आया है। सब लोग नहा कर के अपनी जरुरत की चीजें खरीद कर चलते चले आ रहे हैं। साथ रहते हुये भी मुखिया अकेला दिखाई दे रहा है।)

केहू शाल, स्वेटर, दुशाला मोलावे
केहू बस अटैची के ताला मोलावे
केहू चायदानी पियाला मोलावे
सुखौरा के केहू मसाला मोलावे।

नुमाइश में जा के बदल गइली भउजी
भईया से आगे निकल गइली भउजी
आयल हिंडोला मचल गइली भउजी
देखते डरामा उछल गइली भउजी।

भईया बेचारु जोड़त हउवें खरचा,
भुलइले ना भूले पकौड़ी के मरीचा।
बिहाने कचहरी कचहरी के चिंता
बहिनिया के गौना मशहरी के चिंता।

फटल हउवे कुरता टूटल हउवे जूता
खलीका में खाली किराया के बूता
तबो पीछे पीछे चलल जात हउवें
कटोरी में सुरती मलत जात हउवें।

अमौसा के मेला, अमौसा के मेला।
-साभार कविता कोश

सुंदरता में चार चांद लगाते हैं नाखून

पूनम दिनकर

आपकी सुंदरता की पहचान जहां एक ओर हाथ, पैर, चेहरे, गर्दन, आंख एवं नाक से होती है, वहीं सुंदरता बढ़ाने में आपके नाखूनों का भी काफी योगदान होता है। वैसे पैरों में नाखूनों का उतना यो-गदान नहीं होता क्योंकि वहां पर लोगों की नजर कम पड़ती है परन्तु हाथों के नाखूनों पर प्रायः सबकी नजरें पड़ती रहती हैं।

महिलाएं प्रायः अपने नख सौंदर्य की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया करती हैं। इसके दो कारण हो सकते हैं, प्रथम तो जानकारी का अभाव और दूसरा ला-परवाही। गंदे, भद्दे, कटे-फटे नाखून आपकी उस पोल को खोल देते हैं जिसे आप छिपाना चाहती हैं। नाखूनों में अगर एक बार रोग अपना घर बना लेता है तो वह सहज ही ठीक नहीं हो पाता।

घर का कामकाज करने वाली महिलाओं को नाखूनों के रोग लगने की संभावना अधिक होती है। कपड़े इत्यादि धोते समय हाथ गीले रहने के कारण नाखूनों की सतह मुलायम और कमजोर हो जाती है जिसके कारण रोग का संक्रमण शीघ्र हो सकता है।

नाखून किरेटिन नामक प्रोटीन से निर्मित होते हैं। यदि आपके शरीर में इस प्रोटीन की कमी आ जाती है तो आपके नाखूनों की सुंदरता समाप्त हो जाती है। यदि आप भोजन में नियमित रूप से हरी सब्जी, दूध, मांस, अंडे, दही इत्यादि का सेवन करती हैं तो इससे मुक्ति मिल जाती है। नाखूनों की नियमित सफाई नाखूनों को उम्र प्रदान करती है। नाखूनों की सफाई न करने से संक्रमण होने का खतरा बना रहता है जिससे नाखूनों में विकृति अथवा क्षयकारक रोग भी उत्पन्न हो सकते हैं।

नाखूनों पर आक्रमण करने वाले रोगों को या रो-गाणुओं को फंगस कहा जाता है। ये कई तरह के होते हैं। अधिकतर मामलों में छूत के द्वारा ही नाखूनों को हानि पहुंचती है। नाखूनों का फंगस इंफेक्शन कैडिडा समूह के फंगस द्वारा होता है जिसे पैरोनाइकिया और नाखूनों के दाद (रिंगवर्म) के नामों से जाना जाता है।

पैरोनाइकिया को उत्पन्न करने वाला फंगस मल में मौजूद रहता है और नाखूनों की ठीक ढंग से सफाई न होने के कारण यह रोग लग जाता है। इस तरह का इंफेक्शन गृहणियों को प्रायः हो जाता है, कारण, कपड़े साफ करते समय हाथ गीले तो रहते हैं, साथ ही उसमें साबुन डिटर्जेन्ट इत्यादि भी लग जाते हैं। इससे नाखूनों की ऊपरी सतह जिसे 'क्यूटिकल' कहा जाता है, कमजोर पड़ जाती है और जगह-जगह से दरार के समान फटने लगती है। रोग उत्पन्न करने वाले फंगस का प्रवेश इसमें आसानी से हो जाता है

और नाखून भद्दे होने लगते हैं।

दांतों से नाखून काटते रहने की भी कई महिलाओं की आदत होती है, खास तौर पर उस समय जब वे किसी से बात कर रही होती हैं अथवा उनकी इच्छा के अनुरूप कोई कार्य न हुआ या वे गुस्से में हों। इस आदत से पीछा छुड़ाने का प्रयास करना चाहिए अन्यथा नाखूनों में छिपे फंगस मुंह में चले जाते हैं और गर्भाशय तक पहुंचकर गर्भाशय को भी हानि पहुंचाते हैं। अमेरिका के प्रसिद्ध चिकित्सक सिम वोटंग का मानना है कि 35 प्रतिशत महिलाओं में बांझपन की बीमारी इसी कारण होती है।

नाखूनों को हमेशा खुरचते रहने अथवा उन पर बार-बार पैडिक्योर या मैनिक्योर करते रहने से भी नाखूनों में इंफेक्शन का खतरा हो जाता है। नाखूनों की कटाई प्रति सप्ताह होनी चाहिए। कभी भी नाखूनों को जमीन आदि पर नहीं घिसना चाहिए। रात में सोने से पहले नाखूनों को हल्के गुनगुने पानी के साथ साबुन से धोकर, अच्छी तरह पोंछकर जैतून का तेल अथवा नारियल के तेल से मालिश करने से नाखून मुलायम, खूबसूरत और चमकीले बने रहते हैं।

नाखूनों को बड़ा करने का शौक महिलाओं में दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है यद्यपि यह भी सौंदर्य बढ़ाने के लिए आवश्यक है. जिन महिलाओं को बड़े नाखून रखने का शौक हैं, उनके लिए यह आवश्यक है कि वे नाखूनों की सफाई की ओर पर्याप्त ध्यान दें। खाना बनाने के तुरन्त बाद नाखूनों के अंदर की गदंगी को साफ कर लें और गीले नाखूनों को नर्म कपडे.से पोंछ लें।

नाखूनों पर विभिन्न प्रकार की नेल पालिश लगाने का भी चलन आम है। नेल पालिश का चुनाव तो आपको अपनी इच्छानुसार ही करना होगा। वैसे हल्के गुलाबी रंग की नेल पालिश हर एक पर अच्छी लगती है। उचित होगा कि आप भिन्न-भिन्न रंग की नेल पालिश का प्रयोग न करें। इससे नाखून की मौलिकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नाखूनों को सुरक्षित रखने तथा उन्हें खूबसूरत बनाने के लिए निम्नांकित उपायों को करना चाहिए।

नेल पालिश लगाने से पहले नाखूनों की सफाई अच्छी तरह कर लीजिए तथा सुखाने के बाद ही नेल पालिश लगाइए।

अधिक समय तक अथवा बार बार पानी एवं डिटर्जेंट साबुन के घोलों से नाखूनों को बचाइए।

कपड़े, बर्तन आदि धोने के पश्चात हाथों को साफ सूखे कपड़े से पोंछकर उस पर जैतून या नारियल तेल लगा लीजिए।

कम समय के अंतराल से बार-बार नेल पालिश के प्रयोग से भी नाखूनों को हानि पहुंचती है अतः इसकी अवधि अधिक होना आवश्यक है।

इस प्रकार के नेल पालिश या सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग न करें जिससे त्वचा को एलर्जी हो।

मधुमेह के रोगियों को बार-बार नाखूनों में इंफेक्शन हो जाया करता है अतः समय-समय पर चिकित्सकीय जांच भी करवाते रहना चाहिए। (उर्वशी)

परीक्षा की तैयारी

भोमाराम बौद्ध

अब विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। विद्यार्थी परीक्षा के किस-किस प्रश्न का उत्तर कैसे लिखें? इस भय से भयभीत होते हैं। विद्यार्थी भय का अन्त करें और परीक्षा में सफलता अर्जित करें। विद्यार्थी इस प्रकार शार्टकट पढ़ाई भी कर सकते हैं।

- भाग 'अ' की सबसे पहले तैयारी करें। इसमें अति लघु प्रश्न आते हैं। सभी पाठों के भाग 'अ' में अ, ब, स, द कोष्ठक में से कोई एक भरना होता है और कुछ एक लाईन के भी प्रश्न आते हैं। शेष खाली जगह के भी होते है जो जल्दी याद होते हैं।
- जब ये प्रश्न याद हो जाएं तो फिर खुद उनका उत्तर लिखकर उन्हें जांच करना चाहिए। इसे आपकी पढ़ाई की जांच व आंकलन हो जाएगा। परीक्षा हेतु आपको मदद मिलेगी।
- पांच वर्षों के माडल पेपर या पेपरों को हल करना चाहिए। इन पेपरों में से भी कुछ प्रश्न अवश्य मिल जाते हैं। अपना आत्मविश्वास बनाए रखें।
- अपने दोस्तों के बीच में जाकर प्रश्नोत्तर करें और खुद से भी आप प्रश्नोत्तर पूछें।
- अपने आपको शिक्षक व विद्यार्थी दोनों मानकर एकान्त स्थान पर अध्ययन व अध्यापन का कार्य खुद घर पर करें।
- स्कूल, कालेज में शिक्षकों से महत्वपूर्ण प्रश्नों पर टिक लगवा लें। उन्हें तो याद करे तथा साथ में शेष प्रश्नोत्तरों को भी याद करें।
- सुबह जल्दी उठकर प्रश्नोत्तरों का दोहराव करें।
- जो प्रश्न आपको पूर्ण याद हैं उन्हे पहले हल करें। बाद में अन्य प्रश्नों को हल करें। कोई भी प्रश्न छोड़कर कदापि न आएं।
- अपनी लेखनी में सुधार करना चाहिए इस हेतु रोजाना एक पृष्ठ लिखना चाहिए।
- जितना उत्तर पूछें उतना ही लिखें। ज्यादा न लिखें।

समय अवधि का विशेष ध्यान रखें।

कापी पर पहले निर्देश अवश्य पढ़ ले। (उर्वशी)

आर्टिफिशियल फूलों से सजाएं घर

शिखा चौधरी

फूलों को सभी पसंद करते हैं। खास मौकों, त्योहारों आदि पर तो घर को सजाने के लिए फूलों का प्रयोग किया ही जाता है। यदि रूटीन में भी घर को फूलों से सजाया जाए तो कभी भी घर बोरिंग नहीं लगेगा बल्कि और आकर्षक हो जाएगा। फूल होते ही आकर्षण का केन्द्र हैं।

घर को सजाना ही नहीं बल्कि किसी को उपहार देना हो तो उसमें भी फूलों की आवश्यकता पड़ती है, तभी तो आपके गिफ्ट में चार चांद लगेंगे। फूल यदि उपहार में दिया जाए तो वह आपके दिल की बात बयां करता है। जो आप जुबान से नहीं कह सकते, वह आप फूलों के जरिए जता सकते हैं।

फूल आपको प्रकृति प्रेमी भी बनाते हैं। यदि आपने अपना घर फूलों से सजाया है तो इससे पता चलता है कि आप प्रकृति को कितना चाहते हैं। आप कोमल हृदय वाले हैं। हालांकि असली फूलों से पूरे घर को सजाना बहुत ही मुश्किल है चूंकि एक तो ये बहुत महंगे आते हैं और जल्दी ही खराब भी हो जाते हैं। बेडरूम में रखेंगी तो वहां मिट्टी हो जाएगी। दूसरे फिर इनकी बराबर देखभाल भी करनी पड़गी।

असली फूलों का विकल्प हैं आर्टिफिशियल फूल। घर सजाने के लिए असली फूलों की जगह आर्टिफिशियल फूलों का प्रयोग करना फायदेमंद रहेगा। एक तो ये इतने महंगे नहीं पड़ेंगे, दूसरे ये बहुत दिनों तक चलेंगे। जल्दी खराब भी नहीं होंगे। न ही इन्हें पानी देने की जरूरत है। इन्हें घर

के किसी भी कोने में सजाया जा सकता है।

आर्टिफिशियल फूल अलग-अलग रंगों और डिजाइन्स में मिलते हैं। इन्हें बनाने के लिए अलग-अलग तरह के मैटिरियल का प्रयोग किया जाता है। पहले तो सिर्फ आरगंडी के कपड़ों से ही आर्टिफिशियल फूल बनाए जाते थे लेकिन आजकल इन्हें बनाने के लिए सिल्क फेबरिक, राइस पेपर, प्लास्टिक, ग्लास आदि मैटिरियल का इस्तेमाल होता है।

ड्राई फ्लावर्स भी प्रचलित हैं। इनकी खूबसूरत सी कटिंग करके इन पर पॉलिश कर दी जाती हैं जिससे ये 6 महीने तक खराब नहीं हो पाते। ये देखने में सुंदर तो होते ही हैं और असली फूलों की ही तरह लगते हैं। हालांकि पहले आर्टिफिशियल फूलों को वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए बनाया जाता था किन्तु धीरे-धीरे ये घरों में सजावट के लिए प्रयोग होने लगे।

आर्टिफिशियल फूलों में गुलाब सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं। ये विविध रंगों में मिलते हैं किन्तु दूसरे फूल भी बहुत पसंद किए जाते हैं जिनमें लिली, गुलदाउदी, डेजी, आर्चिड, सूरजमुखी आदि होते है और सभी रंगों में ये फूल बाजार में उपलब्ध होते हैं और ये सभी फूल देखने में बहुत सुंदर लगते हैं। बिल्कुल असली लगते हैं। इनकी देखरेख करना भी मुश्किल नहीं है।

ये घर के किसी भी कोने में सजाये जा सकते हैं। इनमें सिर्फ खुशबू की ही कमी होती है नहीं तो ये बिल्कुल असली फूलों की तरह ही छटा बिखेरते हैं। इन्हें पानी से धो देने पर ये फिर से खूबसूरत दिखने लगते हैं।

बेडरूम हो या ड्राइंगरूम, कहीं भी ये फूल अपनी छटा बिखेर सकते हैं। बेडरूम में म्यूजिकल गुलाब सजा सकती हैं। इससे बेडरूम का अलग ही लुक हो जाएगा। ड्राइंगरूम की खिड़कियों पर मनीप्लांट की बेल से अलग ही लुक आएगा। सेन्टर टेबल पर छोटे पाट में कुछ छोटे-छोटे गुलाब रख दें। प्यारा लगेगा। छोटे वुडन बेस पर फूलों को डाइनिंग टेबल पर सजाने से कुछ अलग ही लगेगा। (उर्वशी)

रेसिपी कार्नर

वेजेटेरियन कलेजी

सुहासनी चक्रवर्ती

खुशियों का दौर हो या बर्थडे पार्टी हो या त्योहार की बहार हो, हमारे यहां महिलायें अपने हाथों से स्वादिष्ट व्यंजनों को बनाकर खिलाना पसंद करती हैं। ऐसे ही खास मौकों के लिए कुछ स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत हैं जो इस प्रकार हैं।

सामग्रीः- कलेजी के लिए

2 कटोरी बेसन, या
1 कटोरी चने का आटा
1/2 कटोरी चावल का बारीक आटा
1/4 चम्मच पिसा हुआ जायफल
1 चम्मच पिसा हुआ आँवला
भूनने और मोयन के लिए घी या तेल, अंदाज से नमक और मिर्च पाऊडर स्वादानुसार।

ग्रेवी बनाने के लिए
3. मध्यम आकार के प्याज,

बारीक कटी हुई बारीक लहसुन व अदरक पिसा हुआ।
1. चम्मच पिसा हुई धनिया
1/2 चम्मच हल्दी
1/2 चम्मच पिसा हुआ गर्म मसाला
1 कटोरी दही
1 चम्मच पिसी हुई सेनकचरी (बाजार में उपलब्ध)
अंदाज से सजावट के लिए हरी धनिया कटी हुई।

विधिः-

कलेजी के लिए लिखी गई सारी सामग्री को नमक मिर्च मिलाकर, मोयन डालकर, खूब अच्छी तरह सख्त आटा-गूंथ लें तथा आधा घंटे के लिए ढंक कर रख दें। एक बड़े बर्तन में एक लिटर पानी उबाल लें। आटे के 4 या 5 गोले बनाकर उबलते पानी में डाल दें। जब गोले उबलकर ऊपर आने लगें, उन्हें पानी से निकाल कर अलग कर रख लें।

ग्रेवी बनाने के लिएः-

भगोने में घी या तेल गरम कर कटी प्याज को गुलाबी भून लें। उसमें लहसुन एवं अदरक का पेस्ट डालकर चला ले। प्याज, लहसुन और अदरक ठीक तरह से भुन जाएं तो उसमें हल्दी, धनिया और मिर्च पाउडर डालकर थोड़ी देर और चलाएं। फिर दही, गरम मसाला और स्वादानुसार नमक डालकर भून लें। सोंधी खुशबू आने पर समझिए कि मसाला तैयार है। इसमें सेनकचरी डालकर मसाला ढक दें।

आटे के गोले ठंडे हो जाएं तो कलेजी के टुकड़े काट कर तल लें। अगर चाहें तो इन टुकड़ों को बिना तले भी तैयार मसाला ग्रेवी में डाल सकती हैं। इस शाकाहारी कलेजी को ग्रेवी में 5 मिनट खदकने दें ताकि मसाला अच्छी तरह टुकड़ों में रम जाए। हरी धनिया से सजाकर पुलाव, पूरी या परांठे, रोटी के साथ पेश करें।

न्यूज इन ब्रीफ

डीआरआई ने मांस का कीमा बनाने वाली मशीन में छिपाकर रखा 2.89 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया

मुंबई : राजस्व खुफिया निदशालय (डीआरआई) ने यहां अंतरराष्ट्रीय कूरियर टर्मिनल पर सऊदी अरब से भेजी गई एक खेप में मांस का कीमा बनाने वाली मशीन में छिपाकर रखा गया 2.89 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने शनिवार को दी। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर डीआरआई की मुंबई जोनल टीम ने एक खेप की जांच शुरू की, जिसमें मांस का कीमा बनाने वाली मशीन होने की घोषणा की गयी थी और मशीन को खोलने पर सोने के 32 टुकड़े बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कुल 1.815 किलोग्राम सोना जब्त किया गया, जिसकी कीमत 2.89 करोड़ रुपये है। डीआरआई ने दो ऐसे व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है जिन्हें रियाद से आए माल को लेना था और उसकी निकासी में सहायता करनी थी।

कश्मीर में भारी बर्फबारी के बाद मौसम में सुधार, श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ानें बहाल

श्रीनगर : कश्मीर घाटी में शुक्रवार को भारी बर्फबारी और बारिश के एक दिन बाद शनिवार को मौसम में सुधार देखने को मिला, जिससे उड़ान सेवाएं बहाल कर दी गईं। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि पूरी घाटी में रात का तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों के अनुसार, कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में शुक्रवार देर रात तक रुक-रुककर बर्फबारी और बारिश होती रही। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान घाटी के अधिकांश हिस्सों में मध्यम से भारी बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई। शुक्रवार को श्रीनगर के कुछ इलाकों में मौसम की पहली हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि शनिवार और रविवार को छिटपुट जगहों पर हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है, जबकि सोमवार को एक और पश्चिमी विक्षोभ का असर देखा जा सकता है।

जुबिन के परिवार ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा, गायक की मौत के मामले में त्वरित सुनवाई की मांग की

गुवाहाटी : असम के लोकप्रिय गायक रहे जुबिन गर्ग के परिवार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर पिछले साल सितंबर में सिंगापुर में उनकी मौत के संबंध में त्वरित सुनवाई और द्विपीय देश में उचित राजनयिक-कानूनी कार्रवाई के लिए एक विशेष अदालत गठित करने का अनुरोध किया। परिवार ने यह भी अनुरोध किया कि न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने तक मामले के किसी भी आरोपी को जमानत न दी जाए। गर्ग की पत्नी गरिमा, बहन पालमी बोरठाकुर और चाचा मनोज कुमार बोरठाकुर द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ईमेल के माध्यम से भेजा गया है। गरिमा ने फेसबुक पर ज्ञापन साझा करते हुए लिखा, ''हमारे देश के गौरवशाली 77वें गणतंत्र दिवस के उत्सव से पहले, मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी शुभकामनाएं दीं और असम के लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग की मृत्यु से संबंधित कानूनी प्रक्रिया के बारे में अपने परिवार की ओर से एक ज्ञापन भी भेजा।''

यमुना में अमोनिया का स्तर घट रहा है, अब दिल्ली में जलापूर्ति में सुधार होगा: दिल्ली सरकार

नयी दिल्ली : यमुना में अमोनिया का स्तर घट रहा है जिससे दिल्ली में जलापूर्ति की स्थिति में सुधार हो सकता है। दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने यह बात कही। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के पांच जल शोधन संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) में पानी में अमोनिया का स्तर इतना अधिक है कि उसका शोधन संभव नहीं है, जिसके कारण दिल्लीवासियों को पानी की आपूर्ति कम हो गई थी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, ''वजीराबाद जलाशय में यमुना नदी के पानी में अमोनिया का स्तर लगभग 2.5 पीपीएम होने के कारण वजीराबाद जल शोधन संयंत्र वर्तमान में लगभग 85 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रहा है।''

उत्तर भारत में बर्फबारी और बारिश से बढ़ी ठिठुरन, कई सड़कें बंद

नयी दिल्ली : उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में हुई बारिश के बाद ठंड का प्रकोप और तेज हो गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में लगातार दूसरे दिन भी कई प्रमुख सड़कें बंद रहीं, जिससे जनजीवन और माल ढुलाई प्रभावित हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 25 और 26 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्सों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है, जबकि दिल्ली में रविवार सुबह हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना जताई गई है। बारिश के बाद दिल्ली में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई। सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि आयानगर में पारा छह डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि वायु गुणवत्ता में सुधार

देखने को मिला और एक्यूआई 'मध्यम' श्रेणी में 176 दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने रविवार को आंशिक बादल और सामान्य से कम तापमान का अनुमान जताया है। कश्मीर में मौसम सुधरने से श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ानें फिर शुरू हो गईं, लेकिन घाटी में रात का तापमान शून्य से काफी नीचे बना हुआ है। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 12 डिग्री नीचे रिकॉर्ड किया गया। 'चिल्ला-ए-कलां' के दौर में सोमवार को एक और पश्चिमी विक्षोभ के असर से हल्की से मध्यम बर्फबारी की संभावना है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया और सड़कें साफ करने का अभियान जारी है। हिमाचल प्रदेश में 680 से अधिक सड़कें बंद रहीं और हजारों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हुई। लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान शून्य से 7.2 डिग्री नीचे रहा। राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में भी कड़ाके की ठंड जारी है, जहां कई स्थानों पर तापमान शून्य के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में उत्तर भारत में ठंड और कोहरे के बने रहने की संभावना जताई है, जबकि दक्षिणी राज्यों में गरज के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

विशेष पुनरीक्षण को लेकर कोई विवाद नहीं, हिंदुओं, असमिया मुसलमानों को नोटिस नहीं मिले: हिमंत

गुवाहाटी : असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर कोई विवाद नहीं है और उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया के लिए किसी भी हिंदू या असमिया मुस्लिम को किसी प्रकार का नोटिस नहीं भेजा गया है। उन्होंने संकेत दिया कि राज्य में मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान केवल 'मिया' (बांग्ला भाषी मुस्लिम) लोगों को ही नोटिस भेजे जा रहे हैं, ताकि उन्हें दबाव में रखा जा सके। शर्मा ने नलबाड़ी जिले में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा, विशेष पुनरीक्षण को लेकर कोई विवाद नहीं है। किस हिंदू को नोटिस मिला है? किस असमिया मुस्लिम को नोटिस मिला है? मिया और ऐसे लोगों को नोटिस भेजे गए हैं, वरना वे हमारा फायदा उठाएंगे।

इसरो 2026 में कई उपग्रहों को प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा: नारायणन

कोयंबटूर (तमिलनाडु) : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने शनिवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी 2026 में कई उपग्रह प्रक्षेपणों पर काम कर रही है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''हम इस साल कई उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बना रहे हैं। इस दिशा में काफी काम चल रहा है। प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) से मुलाकात के बाद हम इनकी घोषणा करेंगे।'' अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा था कि भारत और अमेरिका को संयुक्त रूप से अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर काम करना चाहिए। उनकी टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर नारायणन ने कहा, ''कई बड़े मिशन तैयार हैं। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। हम एक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। हम इंसान को चंद्रमा पर भेजने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने की योजना बना रहे हैं।'' नारायणन ने कहा कि भारत के लगभग 60 मित्र देशों के साथ अंतरिक्ष अन्वेषण में मजबूत सहयोग है और अंतरराष्ट्रीय सहयोग लाभकारी साबित हुए हैं। पीएसएलवी-सी62 रॉकेट के तीसरे चरण के दौरान सामने आई गड़बड़ी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक इसका विश्लेषण कर रहे हैं।

ईडी ने लकड़ी की तस्करी के मामले में गुजरात में 11.3 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

अहमदाबाद : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुजरात के पंचमहल जिले के गोधरा में खैर की लकड़ी की कथित तस्करी रैकेट के संबंध में 11.3 करोड़ रुपये मूल्य की 14 अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत संपत्तियों को कुर्क किया गया है। इस मामले में आरोपी मुश्ताक आदम तसिया और मोहम्मद ताहिर हुसैन सहित अन्य लोग तापी, सूरत, वलसाड, नवसारी, नर्मदा और गुजरात के अन्य जिलों के वन्यजीव अभयारण्यों से वन अधिकारियों की अनुमति के बिना खैर के पेड़ अवैध रूप से काटने में शामिल थे। खैर की लकड़ी काफी टिकाऊ होती है। इसका व्यापक रूप से पारंपरिक चिकित्सा, रंगाई और पान में प्रयुक्त कत्था के स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। ईडी ने बताया कि तसिया और हुसैन कई अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर लगातार अवैध रूप से खैर के पेड़ काट रहे थे। आरोप है कि इस लकड़ी को अवैध बाजार में बेचा जाता था। एजेंसी ने कहा, ''इन अवैध गतिविधियों के कारण सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ और करोड़ों रुपये की आपराधिक आय अर्जित हुई।'' जांच के बाद, ईडी ने आरोपियों से जुड़ी 11.3 करोड़ रुपये की संपत्तियों को चिह्नित किया और उन्हें अस्थायी रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियों में गोधरा जिले में स्थित 14 अचल संपत्तियां शामिल हैं।

कांग्रेस से कुछ 'मतभेद' हैं, इन्हें नेतृत्व के समक्ष उठाऊंगा: शशि थरूर

कोझिकोड (केरल) : कांग्रेस नेता एवं सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि उन्हें पार्टी से कुछ ''मतभेद'' हैं, जिन्हें वह नेतृत्व के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि उन्होंने संसद में पार्टी के घोषित रुख का कभी उल्लंघन नहीं किया। थरूर ने कहा कि किसी भी आंतरिक मतभेद पर संगठन के भीतर ही चर्चा की जानी चाहिए, न कि मीडिया के माध्यम से। कुछ खबरों में दावा किया गया है कि थरूर के पार्टी नेतृत्व से मतभेद हैं और वह इस बात से ''आहत'' हैं कि राहुल गांधी ने हाल में कोच्चि में एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर उनके मौजूद होने के बावजूद उनके नाम का उल्लेख नहीं किया तथा राज्य के नेताओं द्वारा बार-बार उन्हें

''दरकिनार'' करने की कोशिश की जा रही है। थरूर ने कहा, ''मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें मुझे सार्वजनिक मंच पर नहीं बल्कि अपनी पार्टी के नेतृत्व के समक्ष उठाना होगा... मैं संसद सत्र के लिए दिल्ली जाऊंगा और मुझे विश्वास है कि मुझे पार्टी नेतृत्व के सामने अपनी चिंताओं को स्पष्ट रूप से रखने और उनका दृष्टिकोण जानने का अवसर मिलेगा... मुझे उचित तरीके से बातचीत करने का मौका मिलेगा।'' उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''मैं पिछले 17 साल से कांग्रेस में हूं। इस मुद्दे को ज्यादा आगे नहीं बढ़ाते हैं... जहां तक मेरा सवाल है, जो कुछ भी गलत हुआ है, उससे निपटने की जरूरत है और इस पर उचित मंच पर चर्चा की जाएगी।'' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा के लिए शुक्रवार को राज्य से जुड़े वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की थी लेकिन थरूर इसमें शामिल नहीं हुए थे।

गुजरात के बनासकांठा में एसयूवी और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत, तीन घायल

पालनपुर (गुजरात) : गुजरात के बनासकांठा जिले में एक ट्रक की एक 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल' (एसयूवी) से शनिवार को टक्कर होने से एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना अबू-पालनपुर राजमार्ग पर इकबालगढ़ गांव के निकट शाम लगभग सात बजे हुई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए कहा कि गुजरात से राजस्थान की ओर जा रहे एक ट्रक की विपरीत दिशा से आ रही एक एसयूवी से टक्कर हो गई। अमीरगढ़ पुलिस थाने के निरीक्षक पी डी गोहिल ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। गोहिल ने कहा, ''राजस्थान के नौ व्यक्ति एक मरीज के इलाज के लिए एसयूवी में पालनपुर जा रहे थे। इकबालगढ़ के निकट, एसयूवी की टक्कर एक ट्रक से हो गई, जो डिवाइडर को पार करके सड़क के दूसरी ओर जा गिरा। इस दुर्घटना में एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई।'' उन्होंने बताया कि एसयूवी में सवार एक महिला और दो पुरुष घायल हो गये और उन्हें निकटवर्ती एक अस्पताल में ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और ट्रक चालक का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत के युवाओं को हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए: राजनाथ

नयी दिल्ली : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि ऐसे वक्त जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, तब भारत के युवाओं को मजबूत रहना चाहिए एवं हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों के एक समूह को संबोधित करते हुए, उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ''कठोर कार्रवाई'' के बारे में भी बात की और उनसे (कैडेटों से) ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। सिंह ने एनसीसी कैडेटों को देश की दूसरी रक्षा पंक्ति बताया। उन्होंने कहा, ''भारतीय

सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) में स्थित आतंकी ढांचों को नष्ट कर दिया, जो पहलगाम में हुए दुर्भाग्यपूर्ण और कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब था।'' रक्षा मंत्री ने कहा, ''हमारे सैनिकों ने साहस और संयम से काम लिया। हमने केवल उन्हीं को निशाना बनाया और नष्ट किया, जिन्होंने हमें नुकसान पहुंचाया, किसी और को नहीं। यह इसलिए संभव हो पाया, क्योंकि वे (हमारे सैनिक) शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत हैं।'' सिंह ने युवाओं का वर्णन महाभारत के अभिमन्यु के रूप में किया, जो किसी भी प्रकार के 'चक्रव्यूह' में प्रवेश करना और उससे विजयी होकर निकलना जानता था। उन्होंने एनसीसी कैडेटों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को साकार करने में योगदान देने का भी आग्रह किया।

गणतंत्र दिवस से पहले पंजाब में रेलवे की पटरी पर विस्फोट, मालगाड़ी का लोको पायलट घायल

चंडीगढ़ : पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में सरहिंद स्टेशन के पास रेलवे की पटरी के एक हिस्से पर हुए मामूली विस्फोट में मालगाड़ी का लोको पायलट घायल हो गया, जबकि ट्रेन के इंजन को भी क्षति पहुंची है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। रोपड़ रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नानक सिंह ने कहा कि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि यह आतंकी घटना थी या नहीं। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स' से जुड़ा एक अपुष्ट बयान सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें कथित तौर पर संगठन ने गणतंत्र दिवस से ठीक पहले शुक्रवार रात करीब 9:50 बजे हुए इस विस्फोट की जिम्मेदारी ली। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार रात को हुई जब मालगाड़ी सरहिंद स्टेशन से चार-पांच किलोमीटर दूर स्थित खानपुर गांव के पास से गुजर रही थी। यह रेलवे की पटरी विशेष रूप से मालगाड़ियों के लिए है। डीआईजी सिंह ने कहा, ''बीती रात एक मामूली विस्फोट की सूचना मिली थी। ट्रेन के लोको पायलट के चेहरे पर मामूली चोट आई है और वह खतरे से बाहर है।'' पुलिस के अनुसार, घायल की पहचान अनिल शर्मा के रूप में हुई है।

दीमापुर-कोहिमा परियोजना का काम तेजी से चल रहा है, नगालैंड की राजधानी राष्ट्रीय राजधानी से जुड़ेगी

नयी दिल्ली : पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (एनएफआर) ने शुक्रवार को कहा कि 78.42 किलोमीटर लंबी दीमापुर-कोहिमा रेलवे लाइन परियोजना का काम तेजी से चल रहा है तथा नगालैंड की राजधानी कोहिमा को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। एनएफआर के अनुसार, परियोजना का लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष भाग पर निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने कहा, '' यह नई लाइन नागालैंड में दीमापुर के पास लुमडिंग-तिनसुकिया मुख्य लाइन पर स्थित धनसिरी स्टेशन से शुरू होती है और कोहिमा शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर, बाहरी इलाके में स्थित जुब्जा तक जाती है।'' उन्होंने कहा, ''यह राष्ट्रीय महत्व की परियोजना घोषित की गई। यह नई रेल परियोजना कोहिमा और राष्ट्रीय राजधानी के बीच सीधा संपर्क स्थापित करेगी। इस परियोजना का दिसंबर 2029 तक पूरा हो जाने का लक्ष्य है।'' इस परियोजना की प्रगति का उल्लेख करते हुए एनएफआर ने कहा कि मार्ग पर पड़ने वाले आठ स्टेशनों - धनसिरी, धनसिरीपार, शोखुवी, मोल्वोम, फेरिमा, पिफेमा, मेंगुजुमा और जुब्ज़ा में से चार का काम पूरा हो चुका है जो धनसिरी, धनसिरीपर, सुखोवी और मोल्वोम हैं। अधिकारियों ने बताया, ''इस मार्ग पर कुल 31,169 मीटर लंबाई की 20 सुरंगें हैं, जिनमें से सात का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके अलावा, 30 बड़े और 150 छोटे पुल हैं। फिलहाल, 12 बड़े पुल और 141 छोटे पुल बनकर तैयार हो गये हैं।''

गणतंत्र दिवस: वर्ष 1965 के युद्ध के नायक की पोती, पूर्व सैनिक का बेटा परेड टुकड़ी के कमांडरों में शामिल

नयी दिल्ली : दूसरी पीढ़ी के सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट अमित चौधरी गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर स्काउट्स की मिश्रित टुकड़ी का नेतृत्व करेंगे, लेकिन उनके लिए यह एक व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ उनके पिता के प्रति एक यादगार श्रद्धांजलि भी होगी, जो वर्ष 1990 के गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा थे। उच्च पर्वतीय इलाकों और खराब मौसम के लिए बने विशेष बूट और विशेष धूप के चश्मे के साथ बहुस्तरीय वर्दी पहने चौधरी और उनकी टुकड़ी के सदस्यों ने शुक्रवार को बारिश के बीच परेड के 'फुल ड्रेस रिहर्सल' में भाग लिया। 'अरुणाचल स्काउट्स' के इस युवा अधिकारी ने, यहां होने वाले इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भाग लेने वाली कई अन्य सैन्य टुकड़ियों के नेतृत्वकर्ताओं के साथ पूर्वाभ्यास के बाद इंडिया गेट के पास एक सैन्य इकाई के परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, ''मैंने हमेशा परेड का हिस्सा बनने का सपना देखा है। बचपन में, मैं टीवी पर परेड देखता था और घर के कमरे में मार्च करता था। मेरे पिता वर्ष 1990 में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में शामिल थे और वह 'ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स' की टुकड़ी का हिस्सा थे।''

भारत ने विदेशों में 70 से अधिक भगोड़ों का लगाया पता, 203 वांछित अपराधी देश में गिरफ्तार

नयी दिल्ली : भारत ने वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न मामलों में वांछित 70 से अधिक भगोड़े अपराधियों का विदेशों में पता लगाने में सफलता हासिल की है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में कुल 71 वांछित या भगोड़े विदेशों में चिन्हित किए गए, जो पिछले एक दशक से अधिक समय में सबसे अधिक संख्या है। इसी अवधि में अन्य देशों द्वारा वांछित 203 भगोड़े भारत में पकड़े गए। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते वित्तीय वर्ष में 27 भगोड़े या वांछित व्यक्ति विदेश से भारत लौटे। इन मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जो इंटरपोल के लिए भारत की नोडल एजेंसी 'नेशनल सेंट्रल ब्यूरो' के रूप में कार्य करती है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच विदेशों में कुल 74 अनुरोध पत्र भेजे गए, जिनमें से 54 सीबीआई से जुड़े मामलों और 20 राज्य पुलिस व अन्य केंद्रीय एजेंसियों से संबंधित थे। इनमें से 47 अनुरोध पत्रों का पूर्ण निष्पादन किया गया, जबकि 29 मामलों में आंशिक कार्रवाई के बाद पत्र बंद या वापस ले लिए गए। 31 मार्च तक विभिन्न देशों के पास कुल 533 अनुरोध पत्र लंबित थे, जिनमें 276 सीबीआई और 257 राज्य पुलिस तथा अन्य एजेंसियों के थे। वहीं, विदेशी एजेंसियों से 32 अनुरोध पत्र प्राप्त हुए, जिनमें आपराधिक मामलों की जांच में सहयोग मांगा गया था।

'डिजिटल अरेस्ट' के तहत बुजुर्ग दंपति से 14 करोड़ से अधिक की ठगी के मामले में आठ गिरफ्तार

नयी दिल्ली : दिल्ली पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' के तहत एक बुजुर्ग दंपति से 14 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी से जुड़े मामले में एक पुजारी समेत आठ लोगों को तीन राज्यों से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान कंबोडिया और नेपाल से जुड़े साइबर ठगी गिरोह का भी भंडाफोड़ किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गुजरात, उत्तर प्रदेश और ओडिशा से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह गिरोह कानून प्रवर्तन एजेंसियों का भेष धारण कर लोगों को डराता था और 'म्यूल' बैंक खातों के जरिये

रकम हड़पता था। 'म्यूल' खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिसका इस्तेमाल अपराधी, खाताधारक की जानकारी से या जानकारी के बगैर, अवैध धन प्राप्त करने, धन अंतरित करने या उसे वैध बनाने के लिए करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में ठगी गई कुल 14.84 करोड़ रुपये की रकम में से विभिन्न बैंक खातों में गए 2.08 करोड़ रुपये की राशि के लेनदेन पर रोक लगा दी है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों में गुजरात के वडोदरा निवासी दिव्यांग पटेल (30) और कृतिक शितोले (26), ओडिशा के भुवनेश्वर निवासी महावीर शर्मा उर्फ नील (27), गुजरात निवासी अंकित मिश्रा उर्फ रॉबिन, उत्तर प्रदेश के वाराणसी के रहने वाले अरुण कुमार तिवारी (45) और प्रद्युम्न तिवारी उर्फ एसपी तिवारी (44) तथा लखनऊ निवासी भूपेंद्र कुमार मिश्रा (37) और आदेश कुमार सिंह (36) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, पटेल और शितोले को 15 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था।

उच्च न्यायालय 'प्राथमिक प्रहरी', उन्हें अधिक सक्रिय होना चाहिए: प्रधान न्यायाधीश

मुंबई : भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि उच्च न्यायालयों को कानून के शासन में व्यवस्थागत विफलताओं को लेकर अधिक सतर्क और सक्रिय रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, न्याय में देरी न केवल न्याय से इनकार है, बल्कि न्याय का विनाश है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मध्यस्थता और सुलह के तंत्र को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। प्रधान न्यायाधीश ने यहां दो कार्यक्रमों में अपने विचार रखे। उन्होंने फली नरीमन स्मृति व्याख्यान में बोलने के बाद बंबई उच्च न्यायालय की ओर से आयोजित

अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। फली नरीमन स्मृति व्याख्यान में अपने संबोधन में प्रधान न्यायाधीश ने उच्च न्यायालयों से कानून के शासन में व्यवस्थागत विफलताओं को लेकर अधिक सतर्क और सक्रिय रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ऐसे मामलों में अपने दरवाजे पर दस्तक दिए जाने का इंतजार न करें। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''न्याय की सुलभता को राज्य की ओर से गारंटीकृत सेवा के स्वत: प्रदत्त अधिकार (पैसिव राइट) में बदलना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। न्याय में देरी न केवल न्याय से इनकार है, बल्कि न्याय का विनाश है।'' बंबई उच्च न्यायालय की ओर से आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश ने अदालत कक्ष से परे विवादों के समाधान की व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''न्याय का भविष्य न केवल विवादों के कुशल निपटारे पर, बल्कि उन्हें बुद्धिमत्तापूर्वक सुलझाने पर भी निर्भर करता है। मध्यस्थता और सुलह केवल सुविधा के विकल्प नहीं हैं, बल्कि परिपक्व न्याय के साधन हैं।'' प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर जोर दिया कि उच्च न्यायालय केवल शीर्ष अदालत तक पहुंचने का माध्यम नहीं हैं।

केंद्र सरकार ने आईएएस, आईपीएस, आईएफओएस अधिकारियों के लिए कैडर आवंटन नीति में बदलाव किया

नयी दिल्ली : केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तीन प्रमुख केंद्रीय सेवाओं के नौकरशाहों के लिए कैडर आवंटन को लेकर एक नयी नीति लागू की है, जिसमें उनकी तैनाती के लिए नए समूह समेत अन्य प्रावधान भी शामिल हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) के अधिकारियों के लिए हाल में जारी की गई नीति में कहा गया है कि संबंधित मंत्रालय किसी वर्ष की एक जनवरी को कैडर अंतराल के आधार पर रिक्तियों का निर्धारण करेंगे। कैडर या संयुक्त कैडर से तात्पर्य किसी राज्य या राज्यों के समूह या केंद्र शासित प्रदेशों से है जो इन तीनों सेवाओं के अधिकारियों को आवंटित किए जाते हैं, जिन्हें अखिल भारतीय सेवाएं भी कहा जाता है। इसने कैडर आवंटन के लिए पूर्व की पांच जोन प्रणाली को समाप्त कर दिया है और नए समूह पेश किए हैं जिसमें ''सभी राज्य कैडर/संयुक्त कैडरों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया गया है और चार समूहों में विभाजित किया गया है।'' ग्रुप-एक में एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश), आंध्र प्रदेश, असम-मेघालय, बिहार और छत्तीसगढ़ हैं और ग्रुप-दो में गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल और मध्य प्रदेश शामिल हैं। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय द्वारा 23 जनवरी को जारी नीति के अनुसार, समूह-तीन में महाराष्ट्र, मणिपुर, नगालैंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और तमिलनाडु शामिल हैं, जबकि समूह-चार में तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। कैडर नियंत्रण प्राधिकार अर्थात् कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) / गृह मंत्रालय (एमएचए) / पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एंड सीसी), प्रत्येक कैडर के लिए अनारक्षित (यूआर) / अनुसूचित जाति (एससी) / अनुसूचित जनजाति (एसटी) / अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) / आंतरिक / बाहरी रिक्तियों सहित रिक्तियों का निर्धारण करेंगे। कैडर-वार/श्रेणी-वार रिक्तियों का निर्धारण परीक्षा वर्ष के बाद वाले वर्ष की एक जनवरी को मौजूद कैडर अंतर के आधार पर किया जाएगा। आईएएस, आईपीएस और आईएफओएस अधिकारियों का चयन तीन चरणों वाली सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से किया जाता है।

न्यूज ब्रीफ

धोनी ने किया अभ्यास, आईपीएल की तैयारी को लेकर अटकलें

रांची: भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने यहां अभ्यास शुरू कर दिया है जिससे उनकी आईपीएल 2026 की तैयारियों को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) ने सोशल मीडिया पर एक छोटा वीडियो साझा किया जिसमें धोनी को नेट सत्र के लिए पैड पहनते हुए देखा जा सकता है। इस पोस्ट के साथ शीर्षक में लिखा गया, देखो कौन वापस आया है''। वीडियो के साथ एक अन्य शीर्षक में लिखा गया, जेएससीए का गौरव: महेंद्र सिंह धोनी। नेट सत्र से पहले धोनी को भारत और झारखंड के पूर्व बल्लेबाज और जेएससीए अधिकारी सौरभ तिवारी के साथ बातचीत करते हुए भी देखा गया। आईपीएल 2026 की 'विंडो' (आयोजन की तारीख) को तय कर दिया गया है जो 26 मार्च से 31 मई तक चलेगा। धोनी ने वर्ष 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन वह अब भी आईपीएल में सक्रिय हैं। चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी फिलहाल रुतुराज गायकवाड़ संभाल रहे हैं लेकिन धोनी अब भी टीम का बेहद अहम हिस्सा बने हुए हैं।

शमी के पांच विकेट, सेना पर बोनस अंक की जीत के करीब बंगाल

कल्याणी (पश्चिम बंगाल): भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी (51 रन देकर पांच विकेट) ने बंगाल को शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन सेना के खिलाफ बोनस अंक के साथ जीत के करीब पहुंचा दिया। शमी ने 16 ओवर में तीन मेडन से 51 देकर पांच विकेट चटकाकर शानदार प्रदर्शन किया जिससे विपक्षी टीम का बल्लेबाजी लाइनअप लड़खड़ा गया और सेना की टीम ने दूसरी पारी में 231 रन पर आठ विकेट गंवा दिए। इससे वह 102 रन से पिछड़ रही है। बंगाल ने इससे पहले अपनी पहली पारी में 519 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था और सेना को महज 186 रन पर आउट करके 333 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी। शमी ने सेना के सलामी बल्लेबाज शुभम रोहिल्ला (00) और तीसरे नंबर के बल्लेबाज रवि चौहान (08), रजत पालीवाल (83), विनीत धनखड़ (13) और अर्जुन शर्मा (2) को आउट करके अपने पांच विकेट पूरे किए। नाडियाड में ग्रुप के एक अन्य मैच में गुजरात दूसरी पारी में 347 रन पर ऑल आउट हो गई जिससे वह हार की कगार पर है। रेलवे को जीत के लिए 99 रन बनाने हैं।

भारत ने अंडर-19 विश्व कप मैच में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

बुलावायो: कप्तान आयुष म्हात्रे की 27 गेंदों में खेली गई 53 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां अंडर-19 विश्व कप में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से सात विकेट से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए बारिश से प्रभावित 37-37 ओवर के इस मुकाबले को बेहद आसानी से अपने नाम कर टूर्नामेंट में दबदबा कायम रखा। न्यूजीलैंड ने 22 रन तक पांच विकेट गंवा दिये थे जिसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। मैच दोबारा शुरू होने पर इसे 37-37 ओवर का कर दिया गया। न्यूजीलैंड की टीम शुरुआत से ही दबाव में रही और 69 रन पर सात विकेट गंवा बैठी। भारतीय गेंदबाजों के निरंतर प्रहार के चलते टीम 36.2 ओवर में 135 रन पर ढेर हो गई। भारत ने संशोधित लक्ष्य 130 रन का पीछा करते हुए महज 13.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले तेज गेंदबाजों के लिए माकूल परिस्थितियों में टॉस जीतकर भारत ने गेंदबाजी का फैसला किया। आर.एस. अम्ब्रिश (29 रन पर चार विकेट) और हेनिल पटेल (23 रन पर तीन विकेट) ने न्यूजीलैंड को शुरुआती झटके दिये जिससे टीम उबरने में नाकाम रही। न्यूजीलैंड की ओर से शीर्ष पांच बल्लेबाजों में केवल स्नेहित रेड्डी (10) ही दो अंकों तक पहुंच सके। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने कुछ देर तक संघर्ष जरूर किया, लेकिन न्यूजीलैंड की टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। जैकब कॉटर (23), कैलम सैमसन (37) और सेल्विन संजय (28) ने अंत में कुछ उपयोगी रन जोड़े, लेकिन वे भारतीय गेंदबाज़ों के सामने अपनी पकड़ नहीं बना सके। भारत की ओर से खिलान पटेल, मोहम्मद इनान और कनिष चौहान ने एक-एक विकेट हासिल किया। भारत को लक्ष्य का पीछे करते हुए शुरुआती झटका लगा और आरोन जॉर्ज (सात) जल्दी आउट हो गए, लेकिन इसके बाद वैभव सूर्यवंशी (23 गेंदों में 40 रन; दो चौके, तीन छक्के) और कप्तान म्हात्रे ने दूसरे विकेट के लिए 76 रन की मजबूत साझेदारी कर पारी को संभाला। सूर्यवंशी और म्हात्रे दोनों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। सूर्यवंशी जसकरण संधू की गेंद पर मेसन क्लार्क को कैच देकर अर्धशतक पूरा करने से चूक गये। म्हात्रे ने हालांकि इसके बाद शानदार अर्धशतक पूरा किया। वह 27 गेंदों में 53 रन (दो चौके, छह छक्के) बनाकर सेल्विन की गेंद पर फ्लिन मोरी को कैच थमा बैठे। इसके बाद विहान मल्होत्रा (नाबाद 17) और वेदांत त्रिवेदी (नाबाद 13) ने 14वें ओवर के मध्य में ही भारत को जीत की दहलीज के पार पहुंचा दिया।

आईसीसी ने बांग्लादेश को टी20 विश्व कप से बाहर कर स्कॉटलैंड को शामिल किया

नयी दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को बांग्लादेश को आगामी टी20 विश्व कप से बाहर कर उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया है क्योंकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अपनी टीम भारत भेजने से इनकार कर दिया था। आईसीसी ने कहा कि यह 'मुश्किल फैसला' इसलिए लिया गया क्योंकि टूर्नामेंट से ठीक पहले बीसीबी की अपने मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने का अनुरोध मानना मुमकिन नहीं था। आईसीसी ने कहा कि भारत में बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम, अधिकारियों या समर्थकों को कोई प्रमाणित सुरक्षा खतरा नहीं था और टूर्नामेंट के निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव करना सही नहीं था। स्कॉटलैंड के शामिल होने से एक महीने से चल रहा असंमजस खत्म हो गया क्योंकि बीसीबी लगातार जोर दे रहा था कि उनके मैच श्रीलंका में स्थानांतरित किए जाएं और यहां तक कि उसने अपने ग्रुप को आयरलैंड के साथ बदलने का भी सुझाव दिया था। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'बांग्लादेश अब आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में भाग नहीं लेगा क्योंकि बीसीबी ने प्रकाशित मैच कार्यक्रम के अनुसार टूर्नामेंट में भाग लेने से इनकार कर दिया।' इसमें कहा गया, 'यह निर्णय उस व्यापक प्रक्रिया के बाद लिया गया जिसे आईसीसी ने बीसीबी द्वारा भारत में निर्धारित मैचों की मेजबानी को लेकर उठाई गई चिंताओं को सुलझाने के लिए किया था।' आईसीसी बोर्ड की बैठक में बांग्लादेश के खिलाफ 14-2 के भारी बहुमत से फैसला हुआ कि उसे अपने मुकाबले खेलने के लिए भारत जाना चाहिए। पता चला है कि चेयरमैन जय शाह सहित आईसीसी के वरिष्ठ अधिकारी शुक्रवार को दुबई में मौजूद थे। इसी दिन देर शाम बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम बुलबुल को एक ईमेल भेजकर वैश्विक संस्था के फैसले से अवगत कराया गया। बयान में कहा गया, 'आईसीसी के आकलनों से यह निष्कर्ष निकला कि बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम, अधिकारी या समर्थक भारत में किसी विश्वसनीय या प्रमाणित सुरक्षा खतरे का सामना नहीं कर रहे थे।'

टी20 विश्व कप में भागीदारी पर सरकार फैसला करेगी: बांग्लादेश के बाहर होने के बाद पीसीबी प्रमुख नकवी

लाहौर: पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी पर अंतिम फैसला देश की सरकार करेगी। यह बयान ऐसे समय आया है, जब बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है। नकवी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह मामला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के समक्ष रखा जाएगा, जो फिलहाल देश से बाहर हैं और उनकी वापसी के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। नकवी ने कहा, 'हम टी20 विश्व कप खेलेंगे या नहीं, इसका फैसला सरकार करेगी। हमारे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस समय देश से बाहर हैं। उनके लौटने पर हम उनसे सलाह लेंगे। सरकार का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। अगर सरकार ने 'मना कर दिया' तो आईसीसी किसी अन्य टीम को आमंत्रित कर सकती है।

क्रीज पर समय बिताने, सोशल मीडिया से दूर रहने से लय हासिल करने में मदद मिली: सूर्यकुमार

सूर्या ने दिखा दिया कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज हैं: शिवम दुबे

(भरत शर्मा) रायपुर, 24 जनवरी (भाषा) भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इस स्टार बल्लेबाज ने धमाकेदार पारी खेलकर दिखा दिया कि वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। सूर्यकुमार ने 23 पारियों के बाद पहली बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया, जिससे अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनके आलोचकों का मुंह बंद हो गया। भारतीय कप्तान ने दुबे के साथ मिलकर 81 रन की अटूट साझेदारी की और भारत ने न्यूजीलैंड के 209 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। बाएं-दाएं बल्लेबाज के संयोजन को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पंड्या से पहले बल्लेबाजी करते हुए दुबे ने 18 गेंदों में 36 रन बनाए। दुबे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा , ''कुछ समय पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुझसे सूर्यकुमार यादव की फॉर्म के बारे में पूछा गया था। तब मैंने कहा था कि वह उस तरह का खिलाड़ी है कि जब वह अपनी फॉर्म दिखाएगा तो तब दुनिया को पता चलेगा कि वह किस तरह का खिलाड़ी है। आज सूर्यकुमार यादव ने दिखा दिया कि वह टी20 में नंबर एक बल्लेबाज क्यों है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने उसके साथ बल्लेबाजी का पूरा आनंद लिया। उसे इस तरह से बल्लेबाजी करते हुए देखना बहुत अच्छा लगा।'' सूर्यकुमार और दुबे के बीच साझेदारी से पहले इशान किशन ने 32 गेंद पर 76 रन की तूफानी पारी खेली। दुबे ने उनकी भी जमकर प्रशंसा की।

रायपुर: भारतीय टी20 टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी के साथ पिछले साल टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बल्ले से बेहद खराब प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मैदान पर समय बिताने और सोशल मीडिया से दूर रहने से उन्हें अपनी लय वापस पाने में मदद मिली। सूर्यकुमार ने 2025 में 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सिर्फ 218 रन बनाये थे। टी20 विश्व कप को लेकर उनकी फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती दो मैच में हालांकि ये चिंताएं काफी हद तक दूर हो गईं। उन्होंने पहले मैच में संभलकर 22 गेंदों में 32 रन बनाए और दूसरे मैच में 37 गेंदों में 82 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। सूर्यकुमार यादव ने बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में इशान किशन से बातचीत में कहा, 'घर पर भी एक कोच बैठी हैं, जिनसे मेरी शादी हुई है। वह मुझसे लगातार कहती रहती हैं कि 'मुझे लगता है तुम्हें मैदान में थोड़ा समय लेना चाहिए।' सूर्यकुमार ने पत्नी की ओर से मिले सुझावों का जिक्र करते हुए कहा, 'वह मुझे सबसे करीब से देखती हैं, वह मेरे मन की बात समझ लेती हैं। मैंने थोड़ा समय लेने का फैसला किया। पिछले मैच में भी ऐसा किया और आज भी। इससे मुझे बेहतर महसूस हुआ। सूर्यकुमार ने कहा कि वह पहले भी सभी से कहते रहे हैं कि वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और अभ्यास सत्र में भी कड़ी मेहनत कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं सभी से कह रहा था कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं, अभ्यास सत्र में कोशिश कर रहा हूं। लेकिन अभ्यास के दौरान चाहे आप कितना भी अच्छा करें, जब तक मैच में रन नहीं बनते, तब तक

ईमानदारी, पारदर्शिता से ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का सम्मान हासिल करता है कोच: गांगुली

बेंगलुरु: पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली एसए20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स के मुख्य कोच के तौर पर इस भूमिका का आनंद ले रहे हैं और उनका कहना है कि खिलाड़ियों को बेहतर बनने में मदद करने के साथ ईमानदार और पारदर्शी रहकर उनका सम्मान पाना सबसे अहम होता है। 'गांगुली के मार्गदर्शन में प्रिटोरिया कैपिट्स का इस सत्र के एसए20 फाइनल में पहुंचना भी उनके शब्दों को सही साबित करता है। उन्होंने रविवार को प्रिटोरिया कैपिटल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बीच एसए20 के चौथे चरण के फाइनल से पहले जियोस्टार प्रेस रूम में कहा, 'ईमानदार और पारदर्शी रहना जरूरी है। यह जरूरी है कि आप सही माहौल बनाएं। खिलाड़ियों को बेहतर बनने में मदद करने की कोशिश करें और ड्रेसिंग रूम में उनका सम्मान हासिल करें। एक ग्रुप के तौर पर यही जरूरी है।' गांगुली ने कहा कि भारत के कप्तान के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान कुछ स्टार खिलाड़ियों की अगुआई करने का उनका अनुभव उनकी नयी भूमिका में काम आया। उन्होंने कहा, 'मैंने बहुत से महान खिलाड़ियों की कप्तानी की है और महान खिलाड़ी बहुत समझदार होते हैं क्योंकि वे सभी इस स्तर पर अच्छा करना चाहते हैं।

भारत की निगाह श्रृंखला जीतने पर, किशन ने बढ़ाया संजू पर दबाव

गुवाहाटी : पहले दो मैच जीतकर पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना चुकी भारतीय टीम रविवार को यहां तीसरे मुकाबले में जीत दर्ज कर अजेय बढ़त हासिल करने के इरादे से उतरेगी। इस मैच में सभी की निगाह विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन पर टिकी होंगी, क्योंकि पिछले मैच में ईशान किशन की तूफानी पारी ने उनकी जगह पर दबाव बढ़ा दिया है। टी20 विश्व कप से पहले बचे सीमित मैचों में टीम संयोजन लगभग तय माना जा रहा है। ऐसे में सैमसन के लिए यह श्रृंखला बेहद अहम साबित हो सकती है। अभिषेक शर्मा के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में लौटे सैमसन अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। पहले दो मैचों में वह केवल 10 और छह रन ही बना सके। तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनकी कमजोरी एक बार फिर उजागर हुई है। इसके विपरीत, ईशान किशन ने रायपुर में 32 गेंदों पर 76 रन की शानदार पारी खेलकर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने मात्र 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर भारत को 28 गेंद शेष रहते जीत दिलाई। इससे यह बहस फिर तेज हो गई है कि अभिषेक के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी भारत के लिए राहत की खबर है। उन्होंने 37 गेंदों पर 82 रन बनाकर लंबे समय बाद अर्धशतक जड़ा। गेंदबाजी में कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने मध्य ओवरों में असरदार प्रदर्शन किया, जबकि अर्शदीप सिंह शुरुआती ओवरों में महंगे साबित हुए। टीम प्रबंधन तेज गेंदबाजों के कार्यभार को ध्यान में रखते हुए रोटेशन नीति अपना रहा है। जसप्रीत बुमराह की वापसी की संभावना है, जबकि अक्षर पटेल की उंगली की चोट पर भी नजर रहेगी। न्यूजीलैंड की टीम करारी हार से उबरने की कोशिश करेगी। कप्तान मिचेल सैंटनर कुछ रणनीतिक बदलाव कर सकते हैं और डैरिल मिचेल को ऊपर के क्रम में भेजने पर विचार हो रहा है। कमजोर फील्डिंग उनकी चिंता का बड़ा कारण बनी हुई है। भारत की नजरें अब श्रृंखला अपने नाम करने पर टिकी हैं, जबकि सैमसन के लिए यह मुकाबला खुद को साबित करने का सुनहरा मौका होगा।

सौरव कोठारी ने राष्ट्रीय बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा

बहादुरगढ़ (हरियाणा): पिता के निधन के तुरंत बाद अपने परिवार द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किए जाने के बाद सौरव कोठारी ने शनिवार को यहां एस श्रीकृष्ण पर 4-0 की शानदार जीत के साथ सीनियर पुरुष बिलियर्ड्स का खिताब बरकरार रखा। जैसे ही उन्होंने जीत पक्की करने के लिए चौथे फ्रेम में लाल गेंद को सेंटर पॉकेट में डाला, उन्होंने आसमान की ओर देखा और ऐसा लगा कि वह इशारा कर रहे थे कि यह जीत उनके दिवंगत पिता मनोज कोठारी को समर्पित है। भावनाओं से अभिभूत होकर चैंपियन कोठीर कुछ ही देर बाद रो पड़े। उनके पिता पूर्व आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन थे। उनका पांच जनवरी को निधन हो गया था। सौरव मुकाबले में पूरे समय हावी रहे। इससे पहले दिन में महाराष्ट्र के होनहार आरव सांचेती ने सब-जूनियर लड़कों का स्नूकर खिताब बरकरार रखा और तीन दिनों में अपना तीसरा खिताब जीता। पुणे के 15 वर्षीय खिलाड़ी ने मध्य प्रदेश के ओवैस खान पर एकतरफा 3-0 से जीत दर्ज की।

व्यापार

कोटक महिंद्रा बैंक का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ चार प्रतिशत बढ़कर 3,446 करोड़ रुपये रहा

कोलकाता : निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में एकल शुद्ध लाभ चार प्रतिशत बढ़कर 3,446 करोड़ रुपये रहा। मुंबई स्थित बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,305 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। कोटक महिंद्रा बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि आलोच्य तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 16,741 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 16,050 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय भी पिछले साल के 13,428 करोड़ रुपये से बढ़कर 13,903 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) आलोच्य तिमाही में बढ़कर 7,565 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 7,196 करोड़ रुपये थी। हालांकि, बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के 4.93 प्रतिशत से गिरकर 4.54 प्रतिशत रह गया। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक के सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) अनुपात में सुधार हुआ और यह 31 दिसंबर, 2025 तक घटकर 1.30 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले 1.50 प्रतिशत था। इसी तरह शुद्ध एनपीए भी 0.41 प्रतिशत से घटकर 0.31 प्रतिशत पर आ गया। दिसंबर तिमाही में बैंक का संभावित ऋण नुकसान के लिए 'प्रावधान' बढ़कर 810 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 794 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही के दौरान, बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात मामूली रूप से घटकर 22.63 प्रतिशत रह गया, जो दिसंबर 2024 के अंत में 22.79 प्रतिशत था। समेकित आधार पर, कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध लाभ पांच प्रतिशत बढ़कर 4,924 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 4,701 करोड़ रुपये था। दिसंबर तिमाही के एकीकृत लाभ में नए श्रम कानूनों के कारण 98 करोड़ रुपये की अनुमानित अतिरिक्त लागत भी शामिल है।

विझिंजम बंदरगाह के विकास में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी एपीएसईजेड: करण अदाणी

तिरुवनंतपुरम : अदाणी पोर्ट एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने शनिवार को कहा कि कंपनी विझिंजम समुद्री बंदरगाह के विकास में कुल 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी इस बंदरगाह का प्रबंधन संभालती है। परियोजना के दूसरे चरण के उद्घाटन के अवसर पर अदाणी ने बताया कि दूसरे चरण के तहत 16,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश के साथ कुल निवेश प्रतिबद्धता 30,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि इस विस्तार से बंदरगाह की क्षमता वर्ष 2029 तक वर्तमान के 10 लाख टीईयू (20 फुट के बराबर इकाई) से बढ़कर 57 लाख टीईयू हो जाएगी। करण अदाणी ने कहा कि यह केरल राज्य में किसी भी व्यावसायिक घराने द्वारा की गई सबसे बड़ी निवेश प्रतिबद्धता है। उनके अनुसार, विझिंजम भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे बड़े माल स्थानांतरण बंदरगाह और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी समुद्री केंद्र के रूप में उभरेगा और यह केवल सबसे बड़ा ही नहीं होगा बल्कि भारत का सबसे तकनीकी रूप से उन्नत बंदरगाह भी बनेगा। करण ने कहा, यह परियोजना इस बात का पथ-प्रदर्शक होगी कि भविष्य में भारतीय बंदरगाहों का संचालन कैसे होना चाहिए।

इंडिगो ने हवाई अड्डों पर 717 'स्लॉट' खाली किए, विमानन मंत्रालय ने अन्य एयरलाइनों से मांगे आवेदन

मुंबई: देश की सबसे बड़ी एयरलाइन 'इंडिगो' ने विभिन्न घरेलू हवाई अड्डों पर 700 से अधिक ''स्लॉट'' खाली कर दिए हैं। दिसंबर की शुरुआत में परिचालन में भारी व्यवधान को देखते हुए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन की सर्दियों की उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती कर दी थी, जिसके बाद कंपनी ने यह कदम उठाया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे पर किसी विमान के उड़ान भरने और उतरने के लिए दिए गए निश्चित समय को ''स्लॉट'' कहा जाता है। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि खाली किए गए कुल 717 'स्लॉट' में से 364 दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे छह प्रमुख मेट्रो हवाई अड्डों के हैं। इनमें सबसे अधिक 'स्लॉट' हैदराबाद और बेंगलुरु के हैं। आंकड़ों के अनुसार, ये 'स्लॉट' जनवरी से मार्च की अवधि के लिए खाली किए गए हैं। इस घटनाक्रम के बीच, नागर विमानन मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को अन्य एयरलाइनों से इंडिगो द्वारा खाली किए गए इन 'स्लॉट' पर घरेलू उड़ानें संचालित करने के लिए आवेदन मांगे हैं। एक सूत्र ने कहा, ''इंडिगो ने मंत्रालय को 717 'स्लॉट' की सूची सौंपी है। पिछले साल दिसंबर में शीतकालीन उड़ानों के समय में 10 प्रतिशत की कटौती के बाद इन्हें खाली किया गया है।'' डीजीसीए ने यह निर्देश अंतिम समय में उड़ानों के रद्द होने को रोकने और परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिया था।

ट्रंप ने चीन के साथ नए व्यापार समझौते को लेकर कनाडा पर 100 प्रतिशत शुल्क की धमकी दी

वॉशिंगटन: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर उनका पड़ोसी देश चीन के साथ अपने व्यापार समझौते पर आगे बढ़ेगा, तो ऐसा किया जाएगा। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यदि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ''सोचते हैं कि वह कनाडा को चीन के अमेरिका में सामान और उत्पाद भेजने का एक माध्यम बनाने जा रहे हैं, तो वह बहुत बड़ी भूल कर रहे हैं।'' गौरतलब है कि ट्रंप ने पिछले एक साल से व्यापार युद्ध छेड़ रखा है और कनाडा ने इस महीने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर शुल्क कम करने के लिए एक समझौते पर बातचीत की। इसके बदले में चीन, कनाडा के कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम करेगा। ट्रंप ने शुरुआत में कनाडा और चीन के बीच इस समझौते को सही ठहराते हुए कहा था कि कार्नी के लिए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करना एक अच्छी बात है। कार्नी के कार्यालय ने इस बारे में प्रतिक्रिया देने के अनुरोध पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। ट्रंप की यह धमकी कार्नी के साथ बढ़ते वाकयुद्ध के बीच आई है।

ॐ ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। ॐ

श्री श्याम शरणम्

रोम-रोम में श्याम बसाये, रटते सदा श्याम का नाम।
श्याम साधना करते करते, किया श्याम के धाम प्रयाण।।

बाबा श्याम के अनन्य साधक
श्री श्याम मण्डल (नूतन बाजार) के श्रद्धेय गुरुवर
श्री ओंकारमल जी शर्मा
गुरुवार, दि.15 जनवरी 2026 को इस नश्वर देह को त्याग कर बाबा श्याम में लीन हो गये।

।। श्रद्धार्पण सभा ।।

रविवार, दिनांक 25 जनवरी 2026
समय : प्रात : 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक
स्थान : श्री बासु देव भवन, पी-184, सी. आइ. टी. रोड स्कीम-VII M, कांकुड़गाछी, कोलकाता-700054

सभी सदस्यों व श्याम प्रेमियों की उपस्थिति प्रार्थनीय हैं।

-: श्रद्धावनत् :-
श्री श्याम मण्डल (नूतन बाजार)

ॐ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। जय श्री श्याम ।। ॐ

वर्ष 10, पूर्णांक 3484 अंक 294 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in